RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम - निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 276 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, शनिवार 29 अप्रैल, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

अगर आप
जिंदगी में कुछ
हासिल करना,
चाहते हो तो
मेहनत से दोस्ती
कर लो !

# WFI चीफ बृजभूषण के खिलाफ 2 FIR

## POCSO एक्ट में दूसरी अन्य बालिग खिलाड़ियों के आरोपों पर दर्ज की गई

सितारा न्यूज नेटवर्क

**पानीपत।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में दो FIR दर्ज की गई हैं। दिल्ली पुलिस ने एक नाबालिग रेसलर से यौन शोषण के मामले में बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरी FIR अन्य 6 महिला रेसलर्स के यौन शोषण के आरोप में दर्ज हुई है। 21 अप्रैल को एक नाबालिग समेत 7 महिला रेसलर्स ने बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत की थी। केस ना दर्ज होने पर रेसलर्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। यहां सुनवाई के दौरान पुलिस ने WFI अध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज करने की बात कही थी। सुनवाई के दौरान रेसलर्स की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा- महिला रेसलर्स को सुरक्षा मुहैया कराई जाए और रिटायर्ड जज इस केस की निगरानी करें। इस दलील पर अदालत ने दिल्ली पुलिस को सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पुलिस से अगले शुक्रवार तक हलफनामा दायर करने को कहा है। इसमें बताना होगा कि उसने क्या कदम उठाए। अगली सुनवाई 17 मई को होगी। उधर, WFI अध्यक्ष बृजभूषण शरण







सिंह ने शुक्रवार शाम न्यूज एजेंसी अठक से बातचीत में कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं, मैं अपने घर में हूं। मैं दिल्ली पुलिस का सहयोग करूंगा। सुप्रीम कोर्ट का जो भी फैसला होगा, मैं उसका पालन करूंगा। इससे पहले बृजभूषण शरण ने कहा था कि अगर धरना दे रहे पहलवान इस्तीफे से मानेंगे, तो मैं दे दूंगा। मगर, अपराधी बनकर नहीं दूंगा। अब ये कहेंगे कि इनका कार्यकाल तो खत्म हो गया है, अब इस्तीफे से क्या होगा। अगर ये खिलाड़ी धरने से उठकर वापस घर जाएं, अपनी प्रैक्टिस करें तो मैं इस्तीफा भिजवा दूंगा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद रेसलर्स ने मीडिया से बात की। बजरंग पूनिया ने कहा- बृजभूषण को तुरंत जेल में डाला जाए। जब तक उन्हें जेल में नहीं डाला जाएगा, तब तक हम यहां से नहीं उठेंगे। वे कह रहे हैं कि खिलाड़ियों ने कोई सबूत नहीं दिया। अगर सबूत नहीं दिया होता तो सुप्रीम कोर्ट FIR का आदेश नहीं देता।

विनेश फोगाट बोलीं- FIR पहले दिन ही होनी चाहिए थी। सिर्फ FIR से कुछ होने वाला नहीं है। बृजभूषण पर पहले से 85 से ज्यादा ऋक्र हैं। उनको पदों से हटाकर जेल में डालना होगा। हम अब किसी कमेटी या दिल्ली पुलिस को कोई सबूत नहीं देंगे। हम कोर्ट में ही सबूत देंगे। राधिका श्रीमन कहती हैं कि एक लड़की ने ही सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकायत की है। अगर ऐसा है तो उस एक लड़की की शिकायत पर भी केस दर्ज हो जाना चाहिए था। बृजभूषण को सभी पदों से तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, क्योंकि वे अपने पदों का दुरुपयोग कर सकते हैं। यह लड़ाई बृजभूषण को सजा दिलाने की है। साक्षी मलिक ने कहा हमें दिल्ली पुलिस पर भरोसा नहीं है। अभी भी सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद केस दर्ज हुआ है। हम दिल्ली पुलिस को भी कॉपरेट कर देंगे, मगर हमारी सुनवाई होनी चाहिए। हमारे साथ धरने पर बड़े बुजुर्ग भी शामिल हैं, अब सभी की सहमति से ही धरने को खत्म या आगे बढ़ाने का फैसला लिया जाएगा। WFI अध्यक्ष बृजभूषण पर एक्शन की मांग को लेकर 6 दिन से जंतर-मंतर पर पहलवान धरना दे रहे हैं। शुक्रवार को इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव, ओलिंपिक्स में गोल्ड जीतने वाले नीरज चोपड़ा, टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, एक्टर सोनू सूद और एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर भी रेसलर्स के समर्थन में उतर आए।

# ट्रैक्टर से उछलकर गिरे चार लोगों पर पलटा ट्रेलर, मौत

लिफ्ट लेकर बैठे थे, नीचे दबने से मौके पर ही दम तोड़ा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**पाली।** तेज रफ्तार ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर में बैठे 5 लोग उछलकर सड़क पर जा गिरे। चारों ट्रेलर के पिछले हिस्से के नीचे दब गए और मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चारों लिफ्ट लेकर ट्रैक्टर में बैठे थे। वहीं, हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया है। हादसा शुक्रवार सुबह पाली जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नेतरा गांव के पास हुआ। सुमेरपुर उड रजत विश्नोई ने बताया कि हाईवे से केमिकल के कट्टों से भरा ट्रेलर और उसके आगे ट्रैक्टर गुजर रहा था। तेज स्पीड के कारण ट्रेलर ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और ट्रैक्टर को टक्कर मार दी।

**ट्रैक्टर में लिफ्ट लेकर बैठे थे चारों**

सुमेरपुर रत्नड रामेश्वर भाटी ने बताया कि बिठिया गांव निवासी सवाराम देवासी ट्रैक्टर लेकर रानी से सुमेरपुर की तरफ आ रहा था। इस दौरान रास्ते में भीमाराम, राणाराम, भारत और हीराराम लिफ्ट लेकर ट्रैक्टर पर सुमेरपुर आने के लिए बैठे। घटना की जानकारी मिलने पर सुमेरपुर विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके में तूफानी बारिश, ओले गिरे

## 50KM की स्पीड से चली आंधी; अगले तीन दिन के लिए अलर्ट





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में अप्रैल का आखिरी सप्ताह है। लोगों को इस बार हीटवेव के बजाए ठंडी और धूलभरी हवा झेलनी पड़ रही है। वहीं, भीलवाड़ा में बिजली गिरने से एक की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह भी पाली के कुछ क्षेत्रों में बारिश हुई। वहीं, शाम करीब चार बजे रेगिस्तानी इलाके बाड़मेर में 10 मिनट तक तूफानी बारिश के साथ ओले गिरे। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहाना हो गया। झालावाड़ के अकलेरा में भी बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, राज्य में कल बीती शाम हनुमानगढ़, गंगानगर समेत उत्तर भारत में जबरदस्त धूलभरी आंधी चली। इसके कारण कई जगहों पर पेड़-पौधे टूट गए। कच्चे मकानों पर लगे टीनशैड-छप्पर उड़ गए। यही स्थिति दक्षिण, पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में रही। पाली, डूंगरपुर, जालोर, भीलवाड़ा समेत कई जिलों में कल अच्छी बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक गंगानगर के सूरतगढ़ इलाके में आकाशीय बिजली भी गिरी। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुई। बिजली एक पेड़ पर गिरी। इसके वह टूट गया। हनुमानगढ़ के पल्लू में 50ङट की स्पीड से आंधी चलने से पूरा आसमान मटमैला हो गया। मौसम के इस बदलाव से यहां किसानों को भी थोड़ा नुकसान हुआ। पाली के फालना सहित आसपास के क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदल ली है। शुक्रवार सुबह से बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। पाली के फालना सहित आसपास के क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदल ली है। शुक्रवार सुबह से बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है।

### 1 इंच तक बरसात

राज्य में कल गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, चूरू, चित्तौड़गढ़, कोटा, भीलवाड़ा, उदयपुर, जालोर, अजमेर, बारां, जोधपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, जयपुर में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के गंगरार में ओले भी गिरे। सबसे ज्यादा बरसात उदयपुर में 25MM यानी एक इंच दर्ज हुई। इसी तरह उदयपुर के झाडोल में 36, वल्लभनगर में 24 और गिरवा में 23MM बारिश हुई। इसी तरह जैसलमेर में 4, कोटा के सांगोद में 5, अजमेर के नसीराबाद में 10, जोधपुर के तीवारी में 7, भीलवाड़ा के कारेडा में 5, बांसवाड़ा के अरथूना में 3, डूंगरपुर के आसपुर में 15, जालोर के सांचौर में 6, चित्तौड़गढ़ में 15, जयपुर के दूदू में 2, बूंदी के हिंडौली में 12, पाली के बाली में 15 और सीकर में 1MM बरसात दर्ज हुई।

### सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे आया तापमान

राजस्थान में थंडरस्ट्रार्म गतिविधियों के कारण दिनरात का तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है। कोटा में आज न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस कम है। जैसलमेर में न्यूनतम तामपान 21.9 (सामान्य से 4 डिग्री नीचे) और अजमेर में तापमान 22.9 (सामान्य से 4 डिग्री नीचे) दर्ज हुआ है। इसी तरह उदयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 5 डिग्री नीचे) दर्ज हुआ। जोधपुर में अधिकतम तापमान 36.8, जयपुर में 36.2, जैसलमेर में 37.1 और बीकानेर में 36.5 (सामान्य से 5 डिग्री तक नीचे) दर्ज हुए।

### आज पूरे राज्य में बारिश-आंधी का अलर्ट

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान के पश्चिमी हिस्से (जैसलमेर-बीकानेर के ऊपर) पाकिस्तान सीमा पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। इसके अलावा मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पर भी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है।

# 'मैंने भैरोंसिंह की सरकार गिराने में सहयोग नहीं किया': गहलोत बोले- वसुंधरा ने उसी लाइन पर बात कही तो क्या गलत किया?

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/रावतसर।** सीएम अशोक गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के रावण वाले बयान पर पलटवार करने के बहाने राजस्थान की सियासी खींचतान के इतिहास को लाकर नई बहस शुरू कर दी है। गहलोत ने भैरोंसिंह शेखावत सरकार गिराने के षड्यंत्र में शामिल नहीं होने का उदाहरण दिया। साथ ही उसकी तुलना खुद की सरकार पर पायलट खेमे की बगावत से करते हुए इशारों में सियासी निशाना साधा। साथ ही पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और कैलाश मेघवाल की तारीफ करके फिर सियासी चर्चा को हवा दे दी। हनुमानगढ़ के रावतसर में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा- गजेंद्र सिंह शेखावत हमारी सरकार गिराने की साजिश का मुख्य किरदार था। हमारे 19 विधायक मानेसर गए थे। उसमें मुख्य भूमिका गजेंद्र सिंह की थी। इन्होंने 19 विधायकों को सब तरह से लालच दिया, हम जानते हैं। अमित शाह साथ थे। धर्मेंद्र प्रधान साथ थे। धर्मेंद्र प्रधान के घर मीटिंग होती थी। वहीं, अमित शाह और जफर इस्लाम जाते थे। हमारे विधायकों को बुलाते थे। इतना बड़ा कांड करने के बाद इन्हें शर्म भी नहीं आती है। गजेंद्र ने चुनी हुई सरकार को गिराने का कुकर्म किया है।



**मैंने भैरोंसिंह शेखावत सरकार गिराने की साजिश में साथ नहीं दिया था**

भैरोसिंह शेखावत जब सीएम थे, बीमार हो गए थे। इलाज करवाने विदेश गए थे। पीछे से उनके ही लोगों ने सरकार गिराने का षड्यंत्र किया था। मैं प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष था। मैंने कहा- एक आदमी बीमार है। पीछे आप सरकार गिराने का षड्यंत्र कर रहे हो। मैं आपका साथ नहीं दूंगा। बलि राम भगत उस समय गवर्नर थे। उन्हें यह बात मालूम थी। भैरोंसिंह शेखावत को भी यह बात पता लगी।

**राजे और मेघवाल ने क्या गलत कह दिया?**

गहलोत ने कहा- जिस तरह मैंने प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए शेखावत सरकार को गिराने के षड्यंत्र में साथ देने से मना कर दिया था। इसी लाइन पर अगर वसुंधरा राजे और कैलाश मेघवाल ने कहा कि राजस्थान में हमारे यहां हॉर्स ट्रेडिंग करके सरकार गिराने की परंपरा नहीं रही है, तो क्या गलत कहा उन्होंने? उन्होंने कहा- राजस्थान की परंपरा नहीं है तो गलत क्या कहा? ये गुजरात में पूरा बहुमत होते हुए भी कांग्रेस के विधायकों को खरीद रहे हैं। ये कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। इसीलिए गुजरात में पूरा बहुमत होते हुए भी कांग्रेस के विधायकों को खरीद रहे हैं।

# शिवसेना की प्रॉपर्टी शिंदे गुट को ट्रांसफर नहीं होगी : सुप्रीम कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए याचिकाकर्ता से कहा- आपका क्या हक बनता है?

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना की संपत्ति को एकनाथ शिंदे गुट को ट्रांसफर करने की याचिका खारिज कर दी है। फिलहाल, शिवसेना की संपत्ति उद्धव ठाकरे गुट के पास है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएम नरसिम्हा की बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आप कौन हैं, आपका इस मामले में क्या अधिकार है। इसके बाद याचिका खारिज कर दी गई। दरअसल, महाराष्ट्र के वकील आशीष गिरी ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने मांग की थी कि शिवसेना की सारी प्रॉपर्टी शिंदे गुट को दे दी जाए। याचिकाकर्ता आशीष गिरी ने याचिका में कहा था कि मैं महाराष्ट्र का वोटर होने के नाते ये अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर रहा हूं। शिवसेना की प्रॉपर्टी से जुड़े सारे सवालों के जवाब समय रहते मिल जाने चाहिए। पार्टी को लेकर पूरी स्थिति साफ हो जानी चाहिए, ताकि महाराष्ट्र में तमिलनाडु जैसी स्थिति न बने। दरअसल, तमिलनाडु में जयललिता के निधन के बाद उनकी पार्टी अक्अउ्टङ पर कब्जे को लेकर दो धड़ों में बंट गई थी। एक धड़ा पार्टी के दिग्गज नेता ई पलानीस्वामी यानी ईपीएस के साथ था और दूसरा ओ पनीरसेल्वम यानी ओपीएस के साथ। यह मामला भी सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था। कोर्ट के आदेश के बाद अक्अउ्टङ की कमान पूरी तरह से पलानीस्वामी के हाथों में दे दी गई।

### शिवसेना के पास 190 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी

शिवसेना के पास अभी 191.82 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है, दादर के शिवसेना भवन पर भी उद्धव गुट का कब्जा है। सूत्रों का कहना है कि बाला साहेब ने अपनी वसीयत में मुंबई में स्थित मातोश्री के तीन मंजिला भवन की पहली मंजिल जयदेव के नाम और दूसरी तथा तीसरी मंजिल उद्धव के नाम कर दी थी, जबकि ग्राउंड फ्लोर को शिवसेना के लिए रखा था। ऐसे में माना जा रहा था कि ठाकरे के पास से मातोश्री इमारत के ग्राउंड फ्लोर का मालिकाना हक जा सकता है।



| पूर्वानुमान> | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| 24° अधिकतम> | 36°c | 36°c | 35°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 22°c | 22°c | 23°c | 21°c |

# जालसु में मंहगाई राहत कैंप का हुआ आयोजन

## कैंप में उप जिलाप्रमुख डागर एवं कैंप प्रभारी ने लाभार्थियों को गारंटी कार्ड बांटें




**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम जाँलसु राजींव गांधी सेवा केन्द्र पर राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान, एवं महंगाई राहत कैंप का आयोजन जाँलसु कैंप प्रभारी श्यामा राठौड़ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कैंप में उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी दी। जिसमें मुख्य रुप से चिरंजीवी बीमा, घरेलू कनेक्शन में हर घर 100 युनिट बिजली फ्री, किसानों को 2000 युनिट बिजली फ्री, 4000 हजार रुपये का फ्री पशु बीमा, फ्री राशन किट, 1000 रुपये मासिक पैशन सहित अन्य योजनाओं का कैंप में आमजन ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कैंप में सामाजिक सुरक्षा पैशंन के लिए 106 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ एवं चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा में 115 , चिरंजीवी दुघर्टना बीमा में 115, कामधेनु पशुधन बीमा योजना में 78 किसान लाभान्वित हुए। 15 का लाभार्थियों को वरिष्ठ योग्यजन परिवहन कार्ड बने।, राजस्व विभाग में 15 शुद्धीकरण , 30 नामांतरण हुए। एवं 25 जाती / मुल प्रमाण पत्र बनाये गये। इस अवसर पर उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, जालसु विकास अधिकारी जीनू वर्मा, स्थानीय सरपंच सीता रमेश यादव, उप तहसीलदार बजरंगलाल चौधरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामचंद्र मीणा, सरपंच प्रतिनिधि रमेश यादव, रामजीलाल यादव, सरपंच ज्ञानाराम गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष बाबुलाल भुखल, चन्द्रभान चौधरी सहित राजस्व, कृषि, परिवहन, विधुत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, नरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक स्तर अधिकारी मौजूद थे।

## पंचाग

दिनांकः-29अप्रैल 2023 शनिवार
विक्रम संवत2080वैशाख शुक्ल पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| | तिथि | नवमी | 18:21:45 |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | आश्लेषा | 12:46:11 | |
| योग | गण्ड | 10:29:53 | |
| करण | कौलव | 18:21:44 | |
| चन्द्र राशि | कर्क | 12:46:11 | |
| चन्द्र राशि | सिंह | 12:46:11 | |
| सूर्य राशि | मेष | | |
| दिशा शूल | पूर्व | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:51:50 | |
| सूर्यास्त | 18:57:00 | | |
| चंद्रोदय | 13:14:28 | | |
| चंद्रास्त | 26:48:32 | | |
| राहू काल | 09:08-10:46 | | |
| अभिजित | 11:59-12:51 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| शुभ | 07:30-09:08 | शुभ | |
| चर | 12:24-14:03 | शुभ | |
| लाभ | 14:03-15:41 | शुभ | |
| अमृत | 15:41-17:19 | शुभ | |



श्री जानकी नवमीः- आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया अलवर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से निजी स्कूलों की तर्ज पर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित किए गए हैं जिनमें जरूरतमंद बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान की जा रही है। मंत्री श्री जूली शुक्रवार को अलवर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के गांव भजेडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न विकास एवं नवीनीकरण कार्यो के लोकार्पण के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को ना केवल देश में बल्कि विदेश में भी निःशुल्क अध्ययन के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि स्कूटी, मिड-डे मील, छात्रवृति, शिक्षा का अधिकार के तहत निःशुल्क शिक्षा जैसे नवाचार विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगें। उन्होने कहा कि सीएम गहलोत ने पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल कर राज्य के राज्य सेवा के कर्मचारी व उनके परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होने विद्यालय में प्रतिभाशाली बेटी वंशिका के नाम पर कम्प्युटर लैब बनवाने की घोषणा की साथ ही विद्यालय में शीघ्र ही विज्ञान संकाय शुरू करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होने शतरंज खिलाडी रिया सहित अन्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र सौंपकर उनकी हौसला अफजाई की। मंत्री श्री टीकाराम जूली ने अपने सरल स्वभाव का फिर एक बार परिचय देते हुए कक्षा तीन की छात्रा वंशिका एवं कक्षा चार की छात्रा वंदना से जीएसएलवी मिशन एजुकेशन को लॉन्च कराया। इस अवसर पर मंत्री श्री जूली ने बताया की मोजेक इण्डिया, सहगल फाउन्डेशन, भामाशाह एवं ग्रामीणों के सहयोग से अलवर ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालय एक मॉडल के रूप में विकसित हुए है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया राष्ट्रीय सहकार मेले उद्घाटन

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला जयपुरवासियों की पहली पसन्द बन चुका है, शहरवासी इसका बेसब्री से इन्तजार करते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग का यह बहुत अच्छा प्रयास है कि एक ही प्लेटफार्म पर गुणवत्तापूर्ण मसाले जयपुरवासियों के लिए उपलब्ध करा रहा है। डॉ. जोशी शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2023 का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के मसाले जयपुर के लोगों के लिए उपलब्ध होना लाभदायक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आर्गेनिक उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रहनी चाहिए। इस मौके पर कृषि मंत्री श्री लाल चंद कटारिया एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र सिंह यादव भी उपस्थित थे। इस मौके पर सहकारिता मंत्री श्री उदय लाल आंजना ने कहा कि तमिलनाडु, उत्तराखंड, केरल, पंजाब की सहकारी संस्थाओं सहित अन्य सहकारी समितियां यहां अपने उत्पाद लाई हैं। इससे व्यापार में इजाफा होगा। प्रतिस्पर्धा के युग में लोगों का सहकारी उत्पादों पर विश्वास निःसंदेह ज्यादा रहता है। इस बार लोगों में उत्साह एवं उमंग देखा गया है। यह मेला 7 मई तक चलेगा।

# मुख्यमंत्री का विद्यार्थियों से संवाद- आज के युवा भारत के भविष्य के निमार्ता - मुख्यमंत्री



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि शिक्षा राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में है। आज के युवा भारत के भविष्य के निमार्ता हैं। प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे, यह राज्य सरकार का ध्येय है। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों से आज राजस्थान शिक्षा में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। गहलोत शुक्रवार को सीकर जिले में अध्ययनरत कोचिंग विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच एक पीढी से दूसरी पीढ़ी में अनुभव साझा करने का उपयुक्त माध्यम है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रें में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले जा रहे हैं। इन विद्यालयों में वंचित वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क प्राप्त हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय भाषा होने के कारण अंग्रेजी का अपना महत्व है। शिक्षा का स्तर बेहतरीन होने के कारण आवेदन अधिक आ रहे हैं एवं इन विद्यालयों में लॉटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जा रहा है। अब तक राज्य में 2000 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने से ही उत्कृष्ट मानव संसाधन विकसित किया जा सकता है।

### प्रदेश में बड़े शिक्षण संस्थान स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार षिक्षा के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित है। बेहतर शिक्षा के लिए हरसम्भव प्रयास और नवाचार किए जा रहे हैं। प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, ट्रिपल आईटी, निफ्ट, एनआईए, आरयूएचएस, लॉ, एग्रीकल्चर, स्पोर्ट्स एवं पुलिस यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान स्थापित हो चुके हैं। साथ ही अब प्रदेश में विश्वविद्यालयों की संख्या 92 हो गई है। पिछले चार वर्षों में ही 303 नए महाविद्यालय खोले जा चुके हैं। इनमें 130 गर्ल्स कॉलेज भी शामिल हैं। अब प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना में 500 विद्यार्थियों को विदेश में निःशुल्क शिक्षा जैसे नवाचारों से राज्य में शिक्षा का स्वरूप बदल गया है।

### मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना ने जगाया विश्वास

गहलोत ने कहा कि प्रदेश के 30 हजार मेधावी विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य में सभी विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने तथा गरीब परिवार के विद्यार्थी को भी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्कृष्ट कोचिंग सुविधा उपलबध कराने की सोच के साथ यह योजना शुरू की गई है। संवाद स्थल पर उपस्थित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना ने विद्यार्थियों में एक नया विश्वास जगाया है।

### मुख्यमंत्री ने दिया सफलता एवं समय प्रबंधन का सूत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, प्रतिबद्धता, निष्ठा, समर्पण और सच्चाई के मार्ग पर चलकर ही सफलता मिल सकती है। उन्होंने गांधी जी की ह्यसत्य के प्रयोगह्व पुस्तक का जिक्र करते हुए कहा कि गांधी जी ने इसमें ह्यसत्य ही ईश्वर और ईश्वर ही सत्य हैह्व का कथन लिखा है। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी मार्ग पर चलने का सुझाव दिया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने समय प्रबंधन, तनाव से मुक्त रहने के उपाय तथा आत्मविश्वास को बनाए रखने के सूत्र भी विद्यार्थियों के साथ साझा किए। श्री गहलोत ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव में ना आने, आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने तथा जरूरत पड़ने पर काउंसलर की मदद लेने के सुझाव दिये। उन्होंने समस्त कोचिंग सेन्टर्स को भी विद्यार्थियों को निःशुल्क काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि, राजनीतिक जीवन, सफलता के सूत्र, समय एवं तनाव प्रबंधन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित सवाल पूछे, जिनके श्री गहलोत ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिये। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री श्री गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान एग्रो इंडस्ट्री डवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन श्री रामेश्वर डूडी, राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष श्री सीताराम लांबा, केश कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री महेन्द्र गहलोत, विधायक श्री राजेंद्र पारीक, श्री हाकम अली खान, श्री सुरेश मोदी, सीकर कलेक्टर डॉ अमित यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## महंगाई राहत कैम्प ने रचा कीर्तिमान- पांच दिन में ही एक करोड़ से अधिक गारंटी कार्ड वितरित



**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किये जा रहे महंगाई राहत कैम्पों ने कीर्तिमान रच दिया है। कैम्पों में शुरूआती पांच दिनों में ही लगभग 1 करोड़ 6 लाख 64 हजार 53 मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। इन गारंटी कार्डों के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की 10 लोककल्याणकारी योजनाओं के लाभ की गारंटी मिल रही है। शुक्रवार शाम तक इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 9 लाख 44 हजार 822, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 15 लाख 43 हजार 902, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 1 लाख 23 हजार 665, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में 16 लाख 60 हजार 378, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 6 लाख 3 हजार 412 एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 1 लाख 85 हजार 894 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 7 लाख 88 हजार 338, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 8 लाख 50 हजार 492, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 19 लाख 81 हजार 575 तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 19 लाख 81 हजार 575 रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सिरोही में सडकों के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए



**जयपुर।** प्रदेश के सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री श्री भजनलाल जाटव एवं मुख्यमंत्री सलाहकार विधायक श्री संयम लोढा ने सिरोही जिले के ग्राम मनादर में 5 विकास कार्यो के लोकार्पण एवं एक कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रदेश के सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को प्रत्येक क्षेत्र में हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किया गया कोरोना प्रबंधन ने समुचे देश में मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री सलाहकार एवं विधायक श्री संयम लोढा ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की प्रत्येक समस्या के निस्तारण के लिए प्रयत्नशील है, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के किसानों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के चलते किसानों को प्रतिमाह 2000 यूनिट बिजली व घरेलु कनेक्शनों पर 100 यूनिट निःशुल्क बिजली उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से लंबित रोवाडा घाटा निर्माण का कार्य आमजनता के आर्शिवाद से स्वीकृत करवाया गया। धार्मिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के उद्देश्य से 36 करोड की लागत के सडक निर्माण कार्य करवाए गए। प्रदेश सरकार ने राज्य का चहुंमुखी विकास कर प्रदेश को संपूर्ण देश में अग्रणी स्थान पर लाया है।

# महंगाई राहत कैंप का पांचवां दिन- कस्बों से लेकर गांव-ढाणी तक पंजीकरण के लिए उमड़ रहे लोग



**जयपुर।** मंहगाई से राहत देने के लिए शुरू किए गए कैंप कस्बों से लेकर गांव-ढाणी तक सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की मंशा अनुरूप पात्र लोगों को 10 लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ ससम्मान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को भी भारी तादाद में आमजन ने कैंपों में पंजीकरण करवाया और मंहगाई से राहत प्राप्त की ।जयपुर जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि शुक्रवार को जिले में आयोजित महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों को 2 लाख 975 गारंटी कार्ड जारी किये गए हैं। विगत 5 दिनों में जिले में कुल 8 लाख 16 हजार 558 गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। शुक्रवार को जिला कलक्टर ने शाहपुरा के मामटोरी कलां, आमेर की ग्राम पंचायत रूण्डल, झोटवाड़ा के धानक्या एवं सांगानेर में आयोजित महंगाई राहत कैम्पों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैम्प में जरूरी इंतजामों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अलवर में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत ने शुक्रवार को कलक्टेज्ट परिसर में आयोजित स्थाई महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित कर प्रमुख दस योजनाओं की जानकारी व उनसे होने वाले लाभ की जानकारी प्रदान की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जिले में महंगाई राहत कैंपों के तहत अब तक 5 लाख 68 हजार 735 लाभार्थियों ने रजिस्टेज्शन कराया। झुंझुनू में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक श्री घनश्याम गोयल ने बताया कि जिले में चल रहे मंहगाई राहत कैम्प के पांचवें दिन तक 175 कैम्पों में 84 हजार 287 परिवार लाभान्वित हुए, जिनको 3 लाख 60 हजार 879 गांरटी कार्ड हुए जारी किए गए। दौसा जिला कलक्टर श्री कमर चौधरी ने बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित महंगाई राहत शिविरों में जनप्रतिनिधिगणों ने तथा अधिकारियों ने कैंपों का निरीक्षण व व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मुख्यमंत्री गारंटी कार्डो का वितरण कर लोगों को लाभान्वित किया। उदयपुर जिला कलक्टर श्री ताराचंद मीणा ने बताया कि जिले में 80 स्थायी एवं 27 अस्थायी महंगाई राहत कैंप लगाए गए हैं। कैंपों में अब तक 5 लाख 34 हजार 323 लाभार्थियों ने पंजीयन कराया है ।उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 4 लाख 57 हजार 326 तथा शहरी क्षेत्रों में 76 हजार 997 व्यक्तियों द्वारा राज्य सरकार की महंगाई से राहत देने वाली दस जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पंजीयन करवाया गया। चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर श्री अरविन्द पोसवाल ने शुक्रवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर महंगाई रहत कैम्पों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की महंगाई राहत कैम्पों के अन्तर्गत शुक्रवार को जिले में 61 हजार 532 लाभार्थियों ने पंजीयन करवाया। राजसमंद जिला कलक्टर श्री नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को नगर परिषद् राजसमन्द में चल रहे महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण किया तथा कैंप में लगाये गए काउंटर पर जाकर अभियान की प्रगति की जानकारी ली । कलक्टर श्री सक्सेना ने बताया कि महंगाई राहत कैम्पों के अन्तर्गत शुक्रवार को जिले में 10427 लाभार्थियों ने पंजीयन करवाया। बांसवाड़ा में इन्दिरा गांधी नहर परियोजना एवं जल संसाधन (आयोजना) मंत्री श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने बागीदौरा के नौगामा एवं आनन्दपुरी के ग्राम पंचायत के तेजपुरा कैम्पों का अवलोकन किया और शिविर में विभागीय गतिविधियों को देखा। मंत्री श्री मालवीया ने ग्रामीणों से कहा कि वे राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। डूंगरपुर में विशेष योग्यजन आयुक्त श्री उमाशंकर शर्मा ने शुक्रवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन गांवों के संग अभियान में पहुंचकर लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उनके साथ विधायक श्री गणेश घोघरा भी मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा पहुंची उत्तराखंड प्रदेश मंत्री रावत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**भीलवाड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा के तहत होने वाले विभिन्न, प्रवास कार्यक्रमों को लेकर आज उत्तराखंड की भाजपा प्रदेश मंत्री भावना रावत 2 दिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा पहुंची। जहां सर्किट हाउस में महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु पालिवाल ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात शहर के सुचना केन्द्र से पत्रक बांटने का आयोजन किया गया। जबकि कल सुबह रावत एक निजी कॉलेज में नवमतदाताओ से रूबरू होंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। भाजपा जिला अध्यक्ष लादुलाल तेली के निदेर्शानुसार भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू नेतृत्व में प्रदेश भर में प्रवास कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महिला मोर्चा के दो दिवसीय कार्यक्रमों में रावत मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगी।

### अध्यापक परीक्षा परिणाम की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड।** अध्यापक भर्ती परीक्षा परिणाम को लेकर परीक्षार्थियों ने शुक्रवार को बहरोड़ विधायक बलजीत यादव को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम 5 साल से लंबित अध्यापक भर्ती परिणाम जारी कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए परीक्षार्थी रोहित स्वामी ने बताया कि हम सभी रीट पीड़ित अभ्यर्थी हैं। गत 25 फरवरी से 1 मार्च 2023 तक अध्यापक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इस भर्ती की घोषणा मुख्यमंत्री के द्वारा 2019 में की गई थी इसके बाद बार-बार परीक्षा तिथि परिवर्तन कर पुनः प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन हुआ तथा फरवरी अंतिम सप्ताह 2023 में मुख्य परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें लगभग एक लाख से अधिक युवा बेरोजगार अब परीक्षा परिणाम की उम्मीद में बैठे हुए हैं। 5 वर्ष से लंबित भर्ती के कारण युवा तनावग्रस्त तथा मानसिक अवसाद में है। अध्यापक भर्ती मुख्य परीक्षा के परिणाम एवं सीयूटी कट ऑफ को जल्दी जारी करने की मांग की गई। जिस पर विधायक बलजीत यादव ने परीक्षार्थियों को आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री से मांग कर जल्द परिणाम घोषित करवाने का आश्वासन दिया।

### राजस्थान के चित्तौडगढ किले सहित देश के13 प्रतिष्ठित स्थानों पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चित्तौडगढ, डॉ.चेतन ठठेरा ।** मन की बात के 100वें एपिसोड को यादगार बनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की अनूठी पहल के अन्तर्गत 29 अप्रैल, 2023 से देश भर में स्थित एएसआई स्मारकों 13 प्रतिष्ठित स्थानों जिसमें चितोड़गढ किला भी शामिल है, उस पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो का आयोजन किया जायेगा। चित्तौड़गढ़ किला के अतिरिक्त लाल किला दिल्ली, .ग्वालियर का किला, मध्य प्रदेश, कोणार्क सूर्य मंदिर, उड़ीसा,गोलकुंडा किला, तेलंगाना, वेल्लोर किला,



तमिलनाडु,.गेटवे ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र, नव रतनगढ़ किला, झारखंड, रामनगर पैलेस, उधमपुर, रेजीडेंसी बिल्डिंग, उत्तर प्रदेश, मोढेरा सूर्य मंदिर, गुजरात, रंगघर, असम, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली के निवासी प्रोजेक्शन मैपिंग का आनन्द ले सकते है। यह आयोजन आम लोगों के लिए शाम 5 बजे से खोला जाएगा । प्रोजेक्शन मैपिंग शो क्षेत्रीय भाषाओं में होगा और हमारे देश के इतिहास और विरासत को विस्तृत वर्णन करेगा, आकर्षण का केंद्र बनेगा। शाम 7 बजे से पर्यटक इसका लुत्फ उठा सकेंगे । यह शो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना में स्मारक के ऐतिहासिक और स्थापत्य चमत्कार के साथ-साथ मन की बात के विषय पर प्रकाश डालेगा । इसके अलावा, इन सभी जगहों पर मन की बात के पिछले एपिसोड्स को सुनने के लिए 'ऑडियो बूथ', तस्वीरों के माध्यम से इस महत्वपूर्ण अवसर की यादों को इकट्ठा करने के लिए 'सेल्फी बूथ' और विचारों को साझा करने के लिए 'मैसेज बूथ' जैसी कई अन्य पहल भी की जाएगी ।

### विद्यालय परिसर में सरस्वती माता की हुई मूर्ति स्थापित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के मध्य में विद्यमान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा कॉलोनी ब्यावर में शुक्रवार को एक भव्य समारोह में सेवानिवृत्त अध्यापिका कांता त्यागी और चंद्रकांता नवाल की ओर से विद्यालय परिसर में आकर्षक मां सरस्वती की मूर्ति भेंट की गई विधि विधान से पूजा अर्चना व समारोह पूर्वक इसकी स्थापना की



गई मोहन सिंह चौहान ने बताया की समारोह के मुख्य अतिथि स्काउट जिला लीडर ट्रेनर विनोद मेहरा, अध्यक्ष स्टेट चीफ कमिश्नर विमल चौहान, विशेष अतिथि सरदार सिंह चौहान सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी, पार्षद सरस्वती शर्मा, नारायण सिंह चौहान, रघुकुलअग्रवाल , परिभाषा, कल्पना , पारू, पंडित गोपाल ने सरस्वती माता की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करवाकर मूर्ति की स्थापना करवाई इस अवसर पर विद्यालय के प्रमोद राय शर्मा, सुमित कुमार फौजदार ,उर्मला, विष्णु दत्त मिश्रा, सरोज रावत ,सुमित्रा गोयल, सुरेंद्र कोठारी, सीमा अग्रवाल, ओम प्रकाश त्यागी, महेश वैष्णव, गजेंद्र वैष्णव, मीना वैष्णव, नूपुर वैष्णव, नागेंद्र अग्रावत, कौमुदी वैष्णव, प्रशांत त्रिपाठी, विनोद चौधरीआदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन सुमित्रा गोयल ने किया।

# आमजन ना हो परेशान और कभी भी करवाएं रजिस्ट्रेशन योजनाओं का निर्धारित तिथि से ही मिलेगा लाभः कलक्टर

सितारा न्यूज नेटवर्क



**भीलवाड़ा / डॉ चेतन ठठेरा।** जिला कलक्टर आशीष मोदी ने आमजन से अपील की है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2023-24 के अनुसार पूरे भीलवाड़ा जिले में 95 महंगाई राहत कैंप लगाए जा रहे हैं, जिनमें से 70 कैंप स्थाई महंगाई राहत शिविर है। स्थाई महंगाई राहत शिविर नियमित रूप से 24 अप्रैल से लेकर 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर श्री मोदी ने कहा कि कोई भी लाभार्थी चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र से हो या शहरी क्षेत्र से किसी भी शिविर में जाकर किसी भी दिन पंजीकरण करवा सकता है और राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 10 योजनाओं का बढ़ा हुआ लाभ इन शिविरों के माध्यम से ले सकता है। महंगाई राहत शिविरों में आमजन 30 जून तक कभी भी जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, योजनाओं का बढ़ा हुआ लाभ उन्हें हर योजना के लिए निर्धारित तिथि से ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया कैंपों में ऑनलाइन की गई हैं, इसके लिए आमजन को कोई भी दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें सिर्फ अपना जन आधार नंबर, जॉब कार्ड नंबर, गैस कनेक्शन नंबर-एजेंसी का नाम, बिजली के बिल पर अंकित कनेक्शन ( के नंबर) दिखाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने सभी जिले वासियों से अपील की यह कैंप 30 जून तक लगाए जाएंगे। आमजन अपनी सुविधा के अनुरूप 30 जून तक किसी भी दिन किसी भी कैंप में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। आमजन के लिए पर्याप्त छाया पानी की व्यवस्था की गई है। यदि किसी कैंप में ज्यादा भीड़ हो तो आमजन किसी अन्य कैंप में या अन्य किसी दिवस पर भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

**1. इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत 500 रुपये में सिलेन्डर योजना**
आवश्यक दस्तावेजः गैस कनेक्शन नंबर, एजेंसी का नाम
योजना प्रारंभः 01अप्रैल, 2023
लाभ प्रारंभः 01अप्रैल, 2023

2. मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना *के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली
आवश्यक दस्तावेजः बिल पर अंकित (कनेक्शन नंबर-के नंबर)
योजना प्रारंभः 01 मई, 2023
लाभ प्रारंभः 01 जून, 2023

3. मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना के तहत कृषि उपभोक्ताओं को 2000 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली
आवश्यक दस्तावेजः बिल पर अंकित (कनेक्शन नंबर-के नंबर)
योजना प्रारंभः 01 मई, 2023
लाभ प्रारंभः 01 जून, 2023

4. मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत महात्मा गांधी नरेगा में 100 कार्य दिवस पूरा करने वाले परिवारों को 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार एवं कथौड़ी, सहरिया तथा विशेष योग्यजन को 100 अतिरिक्त दिवस का रोजगार
आवश्यक दस्तावेजः जॉब कार्ड नंबर

5. मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिमाह राशन के साथ निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट
आवश्यक दस्तावेजः जन आधार नंबर
योजना प्रारंभः 25 मई, 2023
लाभ प्रारंभः 25 मई, 2023

6. इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष में 125 दिन कार्य के अवसर
आवश्यक दस्तावेजः जन आधार नंबर

7. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन प्रतिमाह तथा प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि
आवश्यक दस्तावेजः जन आधार नंबर
योजना प्रारंभः 01 मई, 2023
लाभ प्रारंभः 01 जून, 2023

8. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए
आवश्यक दस्तावेजः जन आधार नंबर
योजना प्रारंभः 30 मार्च, 2023
लाभ प्रारंभः 30 मार्च, 2023

9. मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए
आवश्यक दस्तावेजः जन आधार नंबर
योजना प्रारंभः 30 मार्च, 2023
लाभ प्रारंभः 30 मार्च, 2023

10. मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना के तहत 2 दुधारू गौवंशीय पशुओं के लिए प्रति पशु 40 हजार रुपये का बीमा कवर
आवश्यक दस्तावेजः जन आधार नंबर

कैंप का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। आमजन अपने नजदीक लगने वाले कैंप का स्थान और सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट पर भी ले सकते हैं।

## पालिका सफाई कर्मचारी तीसरे दिन भी रहे हड़ताल पर पहुंचे

### शहर में जगह जगह गंदगी के लगे ढेर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने वाल्मिकी समाज संघर्ष समिति, के तत्वावधान में सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया को लेकर तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे ! नगरपालिका कार्यालय के बाहर सफाई कर्मचारियों ने सफाई काम को बंद कर हड़ताल पर बैठे , जिससे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गयी, जगह जगह गंदगी व कचरे का ढेर लग रहा, जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है ! संजय कुमार जमादार ने बताया कि जब तक हमारी सभी मांगे पूरी नहीं होगी हम सभी हड़ताल पर बैठे रहेगें ! हड़ताल पर संजय कुमार जमादार, श्याम लाल जमादार, राजकुमार जमादार सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांवरिया सेठ को निमंत्रण देने हेतु 151 वाहनों का काफिला दिखेगा शोभा यात्रा में

सितारा न्यूज नेटवर्क





**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार ब्यावर द्वारा आयोजित नानी बाई के मायरे के अन्तर्गत आगामी 30 अप्रेल को श्री सांवलिया सेठ को बत्तीसी निमंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रभात फेरी के संयोजक संजय घीया ने बताया कि नानीबाई के मायरे की कथा हेतु सांवलिया सेठ को मायरा भरने का निमंत्रण देने के लिए आगामी 30 अप्रेल को 151 वाहनों के काफिले के साथ भक्तगण ब्यावर से मंडफिया (चित्तौड़ ) जायेंगे। प्रभात फेरी कार्यवाहक अतिन राठी ने बताया कि 151 चौपहिया वाहन एवं भक्तगण प्रातः 7.30 बजे मिशन ग्राउण्ड में सज-धज के एकत्रित होंगे। सभी चौपहिया वाहनों में खाने-पीने की व्यवस्था के साथ बेनर व स्टीकर लगाये जायेंगे। कार्यवाहक संदीप अग्रवाल ने कहा कि वाहनों में सबसे सुन्दर सज-धज के आने पर वाहन मालिक को प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। इसी क्रम में नवल सोमानी ने बताया कि शोभा यात्रा में नरसी मेहता की बेल गाड़ी की झाकी व श्रीनाथ की प्रत्यक्ष झाकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी साथ ही ड्रोन से फूलों की बारिश की जायेगी। सभी वाहन शोभा यात्रा के लिए मिशन ग्राउण्ड से सिटी सिनेमा, चांग गेट, श्रद्धानन्द बाजार, पांच बत्ती होते हुए प्रस्थान करेंगे।कार्यवाहक पंकज महेश्वरी ने बताया कि ब्यावर जिले से पहली बार बत्तीसी निमंत्रण यात्रा के लिए 151 वाहनों की रैली मंडफिया (चित्तौड़) पहुंचेगी। जिसमें भक्तगणों द्वारा तैयार बत्तीसी का सुसज्जित सामान लेकर गाजे-बाजे के साथ सांवरिया सेठ मन्दिर में प्रभु सांवरिया सेठ को विनम्र पूर्ण नानी बाई के मायरे का निमंत्रण देंगे। बैठक में प्रभात फेरी से प्रशांत भराड़िया, विजय झंवर, निखिल महेश्वरी, रेणु घीया, रश्मि राठी, शालू सोमानी, राजश्री महेश्वरी , रेखा बाहेती, मीनू बिहाणी सहित अन्य कार्यवाहक उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समाज द्वारा हज यात्रियों का किया इस्तकबाल

सितारा न्यूज नेटवर्क



**विजयनगर/ रामकिशन वैष्णव।** मुस्लिम समाज बिजयनगर की ओर से मदरसा हंसिया अंजुमन इस्लामिया राजनगर में कस्बे से हज 2023 के लिए चयनित हज यात्रियों अभिनंदन कार्यक्रम जिला देहात कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष हाजी महमूद खान के मुख्य अतिथि व देशवाली समाज प्रदेशाध्यक्ष नूर मोहम्मद देशवाली के विशिष्ट आतिथ्य एंव जामा मस्जिद सदर अब्दुल हकीम चौधरी की सदारत, जामा मस्जिद इमाम इरफान रजा नईमी की सरपरस्ती में अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष हाजी महमूद खान ने सामाजिक कार्यकताओं से आह्वान किया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में भागीदार बने, प्रशासन गांवो के संग और महंगाई राहत केम्प के माध्यम से प्रत्येक परिवार को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है जिसे लाभार्थी तक पहुंचाने की महती जरूरत पर जोर दिया । इस अवसर पर शहर से प्यार मोहम्मद कंपाउंडर, मास्टर फकीर मोहम्मद एवं रुस्तम मसूरी का हज यात्रा पर चयन होने पर कमेटी की ओर से साफा और माला पहना कर अभिनंदन किया गया । जिलाध्यक्ष खान के उमराह से लौटने व नूर भाई देशवाली के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दस्तारबंदी और गुलपोशी से इस्तकबाल किया गया इस दौरान मदरसा सदर एवं पार्षद मोहम्मद दाऊद कुरेशी, पूर्व पार्षद अब्दुल अजीज कुरैशी ,मास्टर अब्दुल हमीद बिसायती, हाजी उमर खान, मास्टर अरवत्यार अली, पार्षद शहजाद मंसूरी उस्मान खान पठान, शंभू खान पठान मलिक पठान, सद्दीक मोहम्मद पठान, लेबर यूनियन अध्यक्ष पीर मोहम्मद देशवाली, उस्मान खान पठान सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद की प्रेरणा से हुआ नेत्रदान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारत विकास परिषद ब्यावर शाखा सचिव कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि सुंदर देवी पत्नी दीनानाथ चौधरी 29, बसंत विहार कॉलोनी, देलवाड़ा रोड, ब्यावर के परिवार जनों की सहमति से शुक्रवार को मृत्यु पर्यंत सुंदरदेवी का नेत्र दान किया। अजमेर से डॉ भरत शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा यह कार्य किया गया। इस पुनीत कार्य दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल सकेगी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अमर चंद मूंदड़ा, संजय जिंदल, पंकज बंट, के. एल.शर्मा एवं अनुज खंडेलवाल भी उपस्थित रहे।

## स्थाई महंगाई राहत कैंप का कंवलियास पंचायत में शुभारंभ

सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव ।** ग्राम पंचायत कंवलियास में राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार महंगाई राहत कैंप का शुभारंभ हुआ, जिसमे 550 से अधिक रजिस्ट्रेशन 30 से अधिक पेंशन सत्यापन, 3 पालनहार पंजीकरण विकलांग रजिस्ट्रेशन हुए रजिस्ट्रेशन के लिए सुबह से ही लोगो की उमड़ पड़ी ।इस दौरान विधायक प्रत्याशी मनीष मेवाड़ा ,पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी विनोद कुमार मीणा, विकास अधिकारी ज्योति प्रजापत , तहसीलदार शिल्पा चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद कुमावत , कार्यक्रम अधिकारी दशरथ विक्रम शर्मा ,प्रोग्रामर तरुण चंचल, आदि कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर मनीष मेवाड़ा ने सरकार की जनकल्याण योजनाओं महत्व समझाया और शिविर मे आने




वाले लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे पात्र परिवारों का रजिस्ट्रेशन करने हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया व लाभान्वित पात्र परिवारों को गारंटी कार्ड प्रदान किये। 1 मई को कंवलियास में पुन कैंप आयोजित होगा।

## गरीबों को मिले लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : हुडला

सितारा न्यूज नेटवर्क



**महवा।** महुआ उपखंड के ग्राम पंचायत ढंड में महंगाई राहत कैंप का आयोजन किया। जिसमें संबंधित अधिकारी सहित स्थानीय विधायक ओम प्रकाश हुडला भी उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से आमजन को संवेदनशील और पारदर्शी तरीके से 10 लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे आमजन की बचत सुनिश्चित, महंगाई से राहत और उनकी सुविधाओं में बढ़त हो रही है। उन्होंने कहा की इन कैंपों में लाभ लेने के लिए केवल पंजीकरण के लिए जनाधार कार्ड अनिवार्य है। वहीं पंजीकरण पूर्णतयाः निःशुल्क है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर गारंटी कार्ड योजना के अंतर्गत 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत अब 1000 रुपए प्रति माह मिलेंगे ।मुख्यमंत्री कामधेनू बीमा योजना अंतर्गत अधिकतम दो दुधारू गौवंशीय पशुओं का प्रति पशु 40 हजार रुपये का बीमा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख तक का उपचार निःशुल्क मिलेगा साथ ही मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा के लिए पंजीयन किया जा रहा है इस दौरान उपखंड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# चीनी दमनकारी नीतियों की खुल रही पोल

चीन हमेशा से ही सरकारी सीक्रेसी और दमनकारी नीतियों के लिए जाना जाता है। वहां अल्पसंख्यकों का दमन जगजाहिर है। अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों ने उइगरों के शोषण को नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध घोषित किया था। हालांकि चीन ने लगातार दावों को बार-बार खारिज करता है। इस्लाम को मानने वाले उइगर समुदाय के लोग चीन के सबसे बड़े और पश्चिमी क्षेत्र शिंजियांग प्रांत में रहते हैं। इस प्रांत की सीमा मंगोलिया और रूस सहित आठ देशों के साथ मिलती है। तुर्क मूल के उइगर मुसलमानों की इस क्षेत्र में आबादी एक करोड़ से ऊपर है। इस क्षेत्र में उनकी आबादी बहुसंख्यक थी, लेकिन जब से इस क्षेत्र में चीनी समुदाय हान की संख्या बढ़ी है और सेना की तैनाती हुई है तब से यह स्थिति बदल गई है। पिछले कई सालों से चीन की सरकार ने रमजान के महीने में मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों के नमाज पढ़ने, दाढ़ी न रखने पर भी बैन लगा रखा है। केवल इतना ही नहीं चीन में सरकार का विरोध करने वालों का दमन आम बात है, मगर अब चीन सेंसरशिप एक नए लेवल पर पहुंच चुका है। कोरोना के दौरान वायरस की जांच से लेकर महामारी के दौरान बरती गई को पूरी दुनिया ने देखा है। इसी के चलते पूरी दुनिया में कोहराम मचाने वाले कोरोना की उत्पति की जानकारी तीन साल गुजर जाने के बाद भी सामने नहीं आ पाई। अब यही चीन अलग तरह की सुर्खियों में है। वहां की कम्युनिस्ट सरकार एआई को सेंसर कर रही है। पूरी दुनिया चैटजीपीटी के जवाबों से हैरान है और बड़े कॉर्पोरेशन से लेकर कई सरकारें भी जेनेरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस शाहकार का इस्तेमाल करने की रणनीति बना रहे हैं, लेकिन चीन में इस पर बैन है। वहां की सरकार को डर है कि कहीं ये चैटबॉट सवालों के ऐसे जवाब न दे दे जो उसकी नीतियों की बुराई करते हों। हालांकि वहां की कुछ कंपनियां एआई बेस्ड चैटबॉट्स और इसी तरह के दूसरे उत्पाद बनाने में जुटी हैं, लेकिन सरकार ने उन पर लगाम कसने के लिए भी ड्राफ्ट नियम जारी कर दिए हैं। इनके मुताबिक हर जेनेरेटिव एआई मॉडल के लिए कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियों को मानना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं है कि चीनी सरकार ने ऐसे आदेश पहली बार दिए हो। वहां सेंसरशिप का इतिहास पुराना है। चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन जितनी ही पुरानी सेंसरशिप पॉलिसी भी है। सत्ता में आने के बाद कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने विरोधियों को दबाने के लिए खुलकर हिंसा का इस्तेमाल किया और इन घटनाओं को लोगों तक न आने देने के लिए सेंसरशिप लागू की। थ्यानमेन चौक की ये आइकॉनिक तस्वीर आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। उस वक्त चीन की आर्थिक नीतियों और सेंसरशिप के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन को हिंसा से कुचला गया था। इसी तारीख को बीजिंग के थ्यानमेन चौक पर सरकार ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकने के लिए टैंक भेज दिए थे। ये छात्र सरकारी आर्थिक नीतियों और सेंसरशिप का विरोध कर रहे थे। आज भी इंटरनेट में इस तारीख को सर्च करने पर पाबंदी है, लेकिन एआई पर सेंसरशिप को लेकर चीन की सरकार भी पशोपेश में है। एआई का बाजार 2021 में 23 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा का था। 2026 तक इसके 63 बिलियन डॉलर से ऊपर जाने की उम्मीद है। ऐसे में सरकार की मुश्किल ये है कि नियंत्रित करते हुए भी बाजार की बढ़त को न रोका जाए। ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। पूरी दुनिया में उसकी पोल खुल चुकी है। जैसे-जैसे चीन दमनकारी नीतियां अपना रहा है। निवेशक दूर भाग रहे हैं। जिस निवेश के दम पर वो विश्व शक्ति बनने का सपना पाल रहा था। वहीं उससे दूर जा रहा है। यहां स्थिति भारत के लिए फायदेमंद है। बस जरूरत केवल इस बात कि है कि निवेशकों में सुरक्षा का भाव पैदा किया जाए और उन्हें लालफीताशाही से बचाकर रखें।

## दंतेवाड़ा हमला

अरविंद जयतिलक



# नक्सलियों का खात्मा जरूरी

नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले में जिला रिजर्व गार्ड के 11 जवानों की हत्या कर फिर साबित किया है कि वे राष्ट्र विरोधी हैं। उन्होंने अपने कृत्यों से फिर ध्वनित किया है कि वे सामाजिक परिवर्तन के नुमाइंदे नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी अराजक तत्व हैं, जिनका राष्ट्र निर्माण से कोई लेना-देना नहीं है। गौर करें तो दंतेवाड़ा समेत सात जिलों में शामिल बस्तर अभी भी नक्सलियों का सबसे बड़ा पनाहगाह बना हुआ है। यह जानते हुए भी कि नक्सली मार्च और जून के बीच जवानों को अकसर निशाना बनाते हैं। बावजूद इसके उनकी सुरक्षा को लेकर सावधानी क्यों नहीं बरती गई। यह पहली बार नहीं है जब इन महीनों में नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाया हो। यह बेहद चिंता का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के घने जंगलों में पिछले चार दशक से नक्सली अपनी जड़ें जमाए हुए हैं और उन्हें अभी तक खत्म नहीं किया जा सका है। एक ओर नक्सली सरकार से शांति वार्ता का प्रस्ताव देते रहते हैं वहीं दूसरी ओर आतंकियों जैसी गतिविधियां चलाकर जवानों की जान ले रहे हैं। सवाल लाजिमी है कि आखिर उन पर किस तरह भरोसा किया जाए? आंकड़ों पर गौर करें तो विगत पांच वर्षों में नक्सली हिंसा की लगभग 6000 से अधिक घटनाएं हो चुकी है। हां, यह सही है कि जवानों की सतर्कता के कारण पिछले कुछ समय से नक्सलियों पर नकेल कसी है और उनकी आक्रामकता कुंद हुई है। पिछले कई मुठभेड़ों के दौरान वे भारी संख्या में मारे भी गए हैं। हालांकि गौर करें तो जवानों की सतर्कता के कारण छत्तीसगढ़ को छोड़ नक्सल प्रभावित 10 राज्यों में नक्सली घटनाओं में कमी आई है। नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई में दो दर्जन से अधिक शीर्ष नक्सली मारे जा चुके हैं। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल में इस साल नक्सली हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई। इसी तरह बिहार में भी कम हिंसक घटनाएं दर्ज हुई हैं, लेकिन मौजूदा घटनाओं से साफ है कि उनके फन को पूरी तरह कूचला नहीं जा सका है। झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे प्राकृतिक संसाधनों वाले राज्यों में काम करने वाली कंपनियों से रंगदारी वसूल रहे हैं। नक्सल प्रभावित जनता इनकी जबरन वसूली से तंग आ चुकी है। दरअसल नक्सली एक खास रणनीति के तहत सरकारी योजनाओं में बाधा डाल रहे हैं। वे नहीं चाहते हैं कि ग्रामीण जनता का रोजगारपरक सरकारी कार्यक्रमों पर भरोसा बढ़े। उन्हें डर है कि अगर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी योजनाएं फलीभूत हुई तो आदिवासी नौजवानों को रोजगार मिलेगा और वे नक्सली संगठनों का हिस्सा नहीं बनेंगे। यही वजह है कि नक्सली समूह सरकारी योजनाओं में रोड़ा डाल बेरोजगार आदिवासी नवयुवकों को अपने पाले में लाने के लिए किस्म-किस्म के लालच परोस रहे हैं। नक्सली आतंक की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब वे कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त ऐसे नवयुवकों की तलाश कर रहे हैं, जो आतंकियों की तरह हाईटेक होकर उनके विध्वंसक कारनामों को अंजाम दे सकें। नक्सलियों ने अब परंपरागत लड़ाई छोड़ आतंकी संगठनों की राह पकड़ ली है। अगर शीघ्र ही सरकार ने उनकी विध्वंसक प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगाया तो उनके कंप्यूटराइज्ड और शिक्षित गिरोहबंद लोग जंगल से निकलकर शहर की ओर रुख करेंगे। ऐसी स्थिति में उनसे निपटना आसान नहीं होगा, पर अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रही है। उन्हें विश्वास में ले रही है, लेकिन नक्सली अपनी बंदूक का मुंह नीचे करने को तैयार नहीं हैं। विडंबना यह भी कि नक्सली समर्थक बुद्धिजीवी जमात नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास की बजाय इस बात पर ज्यादा बहस चलाने की कोशिश करता है कि नक्सलियों के साथ सरकार अमानवीय व्यवहार कर रही है। दुखद यह है कि इन बौद्धिक जुगालीकारों को विद्रुप, असैद्धांतिक और तर्कहीन नक्सली पीड़ा तो समझ में आती है, लेकिन नक्सलियों द्वारा बहाए जा रहे निर्दोष जवानों के खून और हजारों करोड़ की संपत्ति का नुकसान उनकी समझ में क्यों नहीं आता है। जब भी अर्द्धसैनिक बलों द्वारा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया जाता है तो यह जमात न सिर्फ मुठभेड़ को फर्जी ठहराने की कोशिश करते हैं बल्कि सुरक्षाबलों की शहादत का भी अपमान करते हैं। यह कृत्य देश के विरुद्ध है। उचित होगा कि केंद्र व छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार नक्सलियों का फन तो कुचले ही साथ ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करे जो नक्सली हिंसा का समर्थन करते हैं।



## संबोधन

डॉ. कन्हैया त्रिपाठी

मन की बात की सबसे अधिक विशेष बात यह है कि यह प्रभाव डाल रही है। अच्छे नागरिक का निर्माण करती मन की बात यद्यपि समय-समय पर विपक्ष की आलोचना की शिकार रही लेकिन इसके 100 एपीसोड आते-आते सबके भीतर अपने किए गए विरोध पर पछतावा भी हो रहा है। सकारात्मकता की बातें यदि होती रहें, सबके उत्थान की बातें यदि होती रहें, सभी सबके सहयोग के लिए तत्पर हो जाएं तो भारत की तस्वीर बदलेगी ही और देश का स्वरूप सबके लिए आशा की रोशनी बन जाएगा, इससे यह सिद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री ने शुरुआती दिनों में ऐसा शायद न सोचा हो कि मन की बात का करिश्मा एक दिन भारत में मिसाल बनेगा।

# मिसाल बन गई मन की बात

न भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 अक्टूबर, 2014 विजयदशमी के दिन मन की बात कार्यक्रम रेडियो पर शुरू किया और यह शीलशिला अब पहुंच गया अपने 100वें पड़ाव पर। यह सबसे खूबसूरत बात है कि हिंदुस्तान का नागरिक अपने अतीत से सीखता है, वर्तमान को संवरता है और भविष्य को भी बहुत ही आशावादी दृष्टि से देखता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत ही गंभीरता से इसका आंकलन किया है कि भारत के लोगों की आशाओं को और कैसे बढ़ाकर हम उन्हें राष्ट्र निर्माण में संलग्न कर सकते हैं। उन्होंने मन की बात की शुरुआत की और सतत आशावादी, अराजनीतिक और परिवर्तनकारी भारत निर्माण के लिए भारत के लोगों की ही उपलब्धियों को इसमें शामिल करके भारतीय मानस को बदलने की कोशिश की। अब जबकि मन की बात अपने 99 एपीसोड से सबका दिल जीत चुकी है तो प्रधानमंत्री ने अपने 99वें कड़ी में कुछ भावुक करने वाली बातें की जिसका असर यह हुआ कि देश के अनेक भागों से अंगदान देने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई।

स्वच्छ-भारत,एक भारत-श्रेष्ठ भारत, परीक्षा पे चर्चा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, फिट इंडिया,बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, स्वस्थ भारत, कोविड सुरक्षा के अंतर्गत-कोविड वरियर, नर्सों और पुलिस के सहयोग, महामारी के समय एकजुटता आदि के साथ, योग, गीत, संगीत,म्यूजिक इन्स्ट्रुमेंट से दोस्ती, किताब के प्रति प्रेम,स्थानीय कलाओं और देसज कारीगरों को पहचान और ब्रांड की कीमत, ऐसे अनेक विषय हैं जिस पर प्रधान मंत्री ने अब तक के अपने 99 एपिसोड में परिचर्चा की। हर घर तिरंगा, खेलो इंडिया हो या भारतीय सेना के जवानों को सम्मान देने की बात, इस पर उन्होंने हमेशा बल दिया। अमृत महोत्सव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कोशिश की कि वे अपने अमर शहीदों के लिए सम्मान प्रकट करें। बाबू सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, सरदार पटेल, गुरू गोविंद सिंह, भगवान बिरसा मुंडा जैसे नायकों को मन की बात में भरपूर सम्मान मिला और वे जन-जन की जुबान पर अपनी शान के साथ स्मरण किए गए। बच्चों को खासकर किशोर लेखकों को अपने जन-नायकों, आज़ादी के नायकों के बारे में जानने के लिए उन्होंने आह्वान किया और साथ ही यह संदेश दिया कि वे उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा पढ़ें, लिखें और उन युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बनें जो अपने जीवन में सर्जनात्मक कार्य करके अपनी एक अलग पहचान बनाना चाहते हैं।

मन की बात में यह सारी बातें आयीं। सेवा के भाव जगे। सहयोग की भावना जागी। निष्ठा और समर्पण की भावना जागृत हुई। मन की बात का यह असर है और असर केवल इतना ही नहीं है, वह मन की गहराइयों में अब घर कर गई है।

प्रसार भारती का ऑल इंडिया रेडियो अपने सुदृढ़ माध्यम के रूप में देश में कार्य कर रहा है। इसको श्रोता कम हो चुके थे किन्तु रेडियो ने अपनी रचनात्मकता नहीं छोड़ी। अब भी इसके 262 केंद्र चल रहे हैं। इसके सभी कार्यक्रम 23 भाषाओं और 146 डाइलेक्ट्स में



प्रसारित होते हैं। सूचना और संचार की यह अद्भुत क्रांति का समय है तो रेडियो 11 विदेशी भाषाओं में भी अपना प्रसारण करता है। सबसे श्रेष्ठ बात यह है कि मन की बात रेडियो का सबसे पॉपुलर कार्यक्रम है जिसका पहला एपीसोड 14 मिनट का प्रसारित हुआ था दूसरा 19 मिनट का हुआ और तीसरा 26 मिनट का प्रसारित हुआ। अब यह कार्यक्रम भारत की भाषाओं के साथ 19 डाइलेक्ट्स में सुनायी जाती है।

एक सर्वे के अनुसार यह पता चला है कि 100 करोड़ भारतीयों ने मन की बात सुना है और करोड़ों इसके नियमित श्रोता हैं जो इसको सुनते हैं और लोगों को इसके विषय में चर्चा करते हैं। किसान हों, आदिवासी हों, युवा, स्त्री, वृद्ध, बच्चे, दिव्यागजन हो, सब सुनते हैं। इस उद्यम से एक बात सामने आई है कि सार्वजनिक जीवन में प्रधानमंत्री ने जन-जन के मन के भीतर स्वीकार्यता बनाई है, और अब भारतीय उन पर पूर्ण भरोसा करते हैं। विदेशों में भी,मन की बात कार्यक्रम अब अर्जेंटीना, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, माली, ग्रीस, ओमान, गुयाना,खाढ़ी के देश और जापान जैसे देशों में सुनी जा रही है। यह आधे घंटे का कार्यक्रम हर माह के अंतिम रविवार को सुना जाता है। अहम बात यह है कि इसको विदेशों में जो भारतीय हैं, वे बहुत ही तल्लीनता से सुन रहे हैं। यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है।


मन की बात की सबसे अधिक विशेष बात यह है कि यह वैयक्तिक प्रभाव डाल रही है और मन की बात से लोग प्रेरणा,आत्मविश्वासपा रहे हैं। अच्छे नागरिक का निर्माण करती मन की बात की यद्यपि समय-समय पर विपक्ष ने आलोचना की शिकार रही लेकिन इसके 100 एपीसोड आते-आते सबके भीतर अपने किए गए विरोध पर पछतावा भी हो रहा है। सकारात्मकता की बातें यदि होती रहें, सबके उत्थान की बातें यदि होती रहें, सभी सबके सहयोग के लिए तत्पर हो जाएं तो भारत की तस्वीर बदलेगी ही और देश का स्वरूप सबके लिए आशा की रोशनी बन जाएगा, इससे यह सिद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री ने शुरुआती दिनों में ऐसा शायद न सोचा हो कि मन की बात का करिश्मा एक दिन भारत में मिसाल बनेगी, किन्तु ऐसा हुआ है।

यदि देश में यह रेडियो संवाद का कार्यक्रम अपने मूल स्वरूप के साथ आगे बढ़ा तो निश्चय ही मन की बात का प्रभाव कुछ हटकर होगा जो भारत निर्माण में सहयोगी साबित होने वाला है। सबके मनोभावों को सम्मान देने के साथ सबकी गरिमा के अनुरूप भारत निर्मित करने की यह कोशिश निश्चय ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को वे सारी उपलब्धियां हासिल करने में मददगार साबित होने वाली हैं जिससे भारत दुनिया में अपनी आत्मनिर्भरता के साथ खड़ा मिलेगा और इसकी इज्जत भी उसी अनुपात में बढ़ी हुई मिलेगी। मन की बात की निरंतरता प्रधानमंत्री के आत्मा की निरंतरता है और उस आत्मा की शक्ति है भारत की आत्मशक्ति। भारत की बदली हुई छवि प्रत्येक भारतीय का स्वप्न है। मन की बात के माध्यम से निश्चय ही उस स्वप्न को साकार करने की कोशिश प्रधानमंत्री ने की है और आने वाले समय में वे इसे और भी सजगता, सहजता और गंभीरता से भारतीय जनता के भीतर ले जाएंगे और भारत का भविष्य निर्मित करने का यत्न करेंगे क्योंकि यह तो भारत को गढ़ने की ही एक अनोखी पहल है। आने वाले अच्छे समय के स्वागत में हमें उन सवालों से जूझते हुए अच्छे मार्ग प्रशस्त करने हैं जो आज सबके लिए चुनौती हैं। प्रधानमंत्री तो मन की बात से कोशिश कर रहे हैं पर दुनिया के सभी लोगों की भागीदारी निश्चय ही इसमें सहायक बनने वाली है, पर इसके लिए सबके संकल्प की शक्ति एक होने की आवश्यकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# बहसों से क्या धर्म का मूल मंत्र हो रहा है खत्म



संकलित
**दर्शन**

हर दिन कोई नया विवाद पैदा होना जीवन को तनाव से भर रहा है। आध्यात्मिक-जगत भी ऐसी बहसों से बचा नहीं है। यहां भी धर्मोपदेशक और भक्त खुद के पंथ को श्रेष्ठ साबित करने के लिए दूसरों पर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। यानी धर्म या भगवान के मूल स्वभाव से अलग होकर उसकी व्याख्या अपने ढंग से कर रहे हैं। हम भूल जाते हैं कि बुद्ध, महावीर हो या क्राइस्ट या कोई और, उनकी वाणी शाश्वत सत्य को सरलतम रूप में प्रस्तुत करती है। वह सत्य समग्र जीवन का है। उसके आधार पर हर देश-काल में जीवन की सम्यक व्याख्या की जा सकती है। उनकी दिशा का अनुसंधान कर उस ओर चला जा सकता है। लाखों-करोड़ों व्यक्ति उस पथ पर चले हैं, चल रहे हैं, आगे भी चलते रहेंगे। वह मात्र काल्पनिक आदर्श नहीं है, जीवन का यथार्थ दर्शन है। उनकी सम्यक दृष्टि अस्तित्व के अनिवार्य नियमों को साकार करती है। इन्हीं नियमों के आधार पर उनके समस्त पर्यायों का सृजन और प्रलय, विकास और विनाश होता है। वर्तमान जीवन की सारी दिशाओं के परिप्रेक्ष्य में हमें हर धर्म-दर्शन को व्यावहारिक कसौटी पर कसकर देखना है। सामाजिक, आर्थिक विकास की सारी दिशाओं का अगर हम अवलोकन करें तो पाएंगे कि परिवेश बदलते रहे हैं लेकिन उनके बुनियादी आधार सदा एक से रहे हैं। आर्थिक चिंतन के क्षेत्र में मार्क्स ने न्याय और समता का जो स्वर मुखरित किया, वह प्लेटो के 'रिपब्लिक', ईसाई पैगंबरों के उपदेशों, बुद्ध और महावीर की वाणी में भी मौजूद रहा है।

# बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित
**प्रेरणा**

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतर ने कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतर के वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया और उससे कहा किः तुम जो भी सजा इस शिकारी को देना चाहो दे सकती हो। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अदाणी एक मुद्दा तो है ही

माननीय कानून मंत्री ने हाल में कथित तौर से कहा कि अदाणी कोई मुद्दा नहीं है और यह मुद्दा केवल राहुल की सहायता के लिए उठाया गया है। इस बयान में कितना दम है या नहीं है, इसे देश की जनता पर छोड़ना बेहतर रहेगा, लेकिन मुझे नहीं लगता है कि यह बात किसी के गले से नीचे उतर सकती है क्योंकि अडाणी का मुद्दा काफी महीनों से देश और विदेश में गर्माया हुआ है और इतना सब कुछ होने के बावजूद इसे मुद्दा क्यों नहीं माना जा सकता है? देश की प्रबुद्ध जनता जानती है कि बिना किसी मुद्दे के देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के गढ़े मुर्दे खोद कर कितनी अनुचित निंदा की गई और उनकी प्रतिष्ठा को कितना नुकसान पहुंचा होगा? कोई बताएगा कि जब नेहरू मुद्दा नहीं था तो फिर नेहरू की निंदा का क्या औचित्य रहा होगा?

*– प्रवीण श्रीवास्तव, बेमेतरा*

## ट्रेंड

### अर्थव्यवस्था की रफ्तार



प्रगति पहल प्रधानमंत्री की स्वागत पहल से प्रेरित है। पीएम मोदी दो दशक पहले जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता व जवाबदेही के स्तंभों के आधार पर, स्वागत नागरिकों-सरकार के बीच की खाई को पाटने में गेमचेंजर रहा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### हिंसा समाधान नहीं



हिंसा के कृत्य देश के सभी नागरिकों की भलाई के लिए कोई समाधान नहीं हैं। दिग्भ्रमित तत्व सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए हिंसा का उपयोग करते हैं। देश की सेवा करने वालों को मारना कभी समाधान नहीं हो सकता।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### त्रासदी है, मजाक नहीं



अवसाद और आत्महत्या, खासकर युवाओं में, कोई हंसी का विषय नहीं है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 164033 भारतीयों ने आत्महत्या की। जिनमें से एक बड़ा प्रतिशत 30 वर्ष से कम आयु के थे। यह त्रासदी है मजाक नहीं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### जिम्मेदारी का निर्वहन करें



प्रत्येक बच्चे के जन्मजात वैशिष्ट्य को सुरक्षित रखना सभी शिक्षकों और अभिभावकों की सबसे महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है। पूर्ण ईमानदारी के साथ संयुक्त रूप से इस ज़िम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन ही भारत के भविष्य को अभीष्ट मुक़ाम दे सकता है।

-कुमार विश्वास, कवि




## करंट अफेयर

# बाइडन और यून ने उत्तर कोरिया को दी चेतावनी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके दक्षिण कोरियाई समकक्ष यून सुक येओल ने उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे का मुकाबला करने के लिए एक नयी योजना का अनावरण करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि इस प्रकार के किसी भी हमले का परिणाम ऐसा करने वाले 'शासन का अंत होगा।' उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे को रोकने के प्रयास के तहत दक्षिण कोरिया में समय-समय पर अमेरिका की परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने, दोनों देशों के बीच प्रशिक्षण को मजबूत करने और अन्य कदम उठाने का आह्वान किया गया। बाइडन ने उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण बढ़ाए जाने के कारण पैदा हुई चिंताजनक स्थिति के बीच राजकीय यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे यून की मेजबानी की। इसी दौरान इस योजना का अनावरण किया गया। बाइडन ने रोज गार्ड में आयोजित सम्मेलन में कहा, 'उत्तरी कोरिया द्वारा अमेरिका या उसके सहयोगियों एवं भागीदारों के खिलाफ किया जाने वाला परमाणु हमला अस्वीकार्य होगा और इसका परिणाम इस तरह की कार्रवाई करने वाले शासन का अंत होगा।'

## ऑफ बीट

# खरपतवार: अच्छा, बुरा और कभी-कभी सुंदर



वसंत आ गया है और कई खेतों में फसलों के बीच खसखस के लाल पौधे बिंदियों की तरह दिखाई दे रहे हैं। किसान जानते हैं कि यह एक अच्छा संकेत नहीं है, भले ही सैकड़ों लोग हाथ में मोबाइल फोन लेकर इनकी एक अच्छी तस्वीर लेते दिखाई दें। खसखस, खेतों में उगने वाली खरपतवार की अन्य प्रजातियों के साथ, बड़ी संख्या में दिखाई देने पर फसलों के लिए एक समस्या हो सकती है। हम अनौपचारिक रूप से उन्हें खरपतवार कहते हैं, लेकिन वे वास्तव में क्या हैं और कितने बुरे हैं? खेती वाले पौधों जैसे खरपतवार आम तौर पर वार्षिक या बहु-वार्षिक जड़ी-बूटी वाले पौधों की प्रजातियाँ होती हैं जो अकसर विपरीत परिस्थितियों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के अनुकूल होती हैं जैसे कि फसलों के खेत। उनकी उत्तरजीविता रणनीति यह होती है कि जितना संभव हो सके फसल से मिलती जुलती हों, ताकि उन्हें उखाड़ फेंकना संभव न हो। इसके लिए, वे फसल के समान समय पर अंकुरित, फूल या परिपक्व होते हैं, या उनके पास समान विकास रणनीति होती है। ऐसी प्रजातियाँ हैं जो सर्दियों के अनाज चक्र के लिए अत्यधिक अनुकूलित हैं, जैसे कि पोस्ता (पापावर रोहिस) और वार्षिक राईग्रास (लोलियम रिगिडम)।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## मुख्य डाकघर एटीएम बंद कार्ड धारक हुए परेशान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो इस चराचर युग में व्यक्ति की कर्मस्थली उसे लोगों के मध्य में लोकप्रिय बनाती है लेकिन पिछले कुछ दिनों से ब्यावर मुख्य डाकघर की कर्म स्थली की बदौलत एटीएम कार्ड धारक अथवा उपभोक्ता परेशान नजर आ रहे हैं जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भी एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जब शहर का मुख्य डाकघर का एटीएम बंद मिला और उपभोक्ता एटीएम को लेकर इर्द-गिर्द घूमते नजर आए जब शहर मुख्य डाकघर की यह स्थिति है तो निसंदेह अन्य डाकघर की क्या स्थिति है यह किसी से छिप नहीं सकती है आखिर मुख्य डाकघर के एटीएम का शटर कब से बंद है यह तो पता नहीं लेकिन जिस तरह शुक्रवार को एटीएम कार्ड धारक परेशान और मायूस नजर आए उससे तो यह परिलक्षित होता है कि शायद मुख्य पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों का इन उपभोक्ताओं से कोई सरोकार ही नहीं है खैर आखिर वे परवाह भी क्यों करें क्योंकि वह तो सदैव अपने आप को व्यस्त ही बताते हैं कुछ उपभोक्ताओं ने तो यहां तक कह दिया हमने तो गलत ही डाकघर में खाता खुल आए हैं यदि किसी कारण से एटीएम बंद भी है तो उसे ठीक कराने के लिए 24 घंटे में कार्रवाई तो की ही जा सकती है जबकि गुप्त सूत्रों से पता चला है कि एटीएम पिछले दो-तीन दिनों से बंद है अब देखने वाली बात यह है कि मुख्य डाकघर का एटीएम कब उपभोक्ताओं के लिए पुन सुचारू होता है अथवा उपभोक्ताओं को ओर परेशान होना पड़ेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वा संस्करण 30 को

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का 100वाँ संस्करण 30 अप्रेल 2023 (रविवार) को प्रातः 11.00 बजे दूरदर्शन, रेडियों एवं सभी टी.वी चेनल्स पर एवं सोशल मीड़िया प्लेटफार्म पर सीधा प्रसारण होगा। और इसी कड़ी में प्रदेश स्तर का कार्यक्रम बस्सी कस्बे के नगर मण्डल के बूथ क्रमांक 44 पर खादी ग्रामोद्योग सदन विकास समिति के सामने तिलक पी.जी. कॉलेज, खेल मैदान बस्सी पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अल्का सिंह गुर्जर रहेगी और इस कार्यक्रम के संयोजक नारायण मीना प्रदेश सह-संयोजक विशेष संपर्क प्रकोष्ठ ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें संस्करण को बस्सी में विभिन्न समाजो एवं आम नागरिक, विशिष्ट जन, युवा, महिला एवं किसान सुनेगें। मन की बात का प्रथम प्रसारण 03 अक्टूबर 2014 को किया गया था और जनवरी 2015 में अमरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया था। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत, विमुद्रीकरण, जन धन योजना, मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा, मेक इन इंडिया, आदर्श ग्राम सड़क यातायात, और सुरक्षा बिल उन्नत भारत अभियान, सुकन्या समृद्धि, उजाला योजना, उज्ज्वला योजना सहित देश के इतिहास, संस्कृति, धार्मिक, पुरातत्व, खेल जगत, कृषि जगत सहित विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद करते है। मन की बात के 100वें संस्करण को लेकर आमजन में उत्साह है। बस्सी भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम में बस्सी नगर के शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता एवं बस्सी कस्बे के आमजन मन की बात सुनेगें।

## बी. ए. फाइनल की परीक्षा में 10 मिनट देरी से पहुंची छात्रा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित करवाई जा रही बी ए फाइनल ईयर की परीक्षा में राजकीय महाविद्यालय बस्सी में परीक्षा केन्द्र पर एक छात्रा 10 मिनट देरी से पहुंची जिसकी वजह उसे परीक्षा में नही बैठने दिया गया। जिसकी वजह से छात्रा परीक्षा देने से वंचित रह गई। छात्रा ने देरी की वजह खुद को बीमार होना बताया फिर भी परीक्षा सेंटर में प्रवेश नहीं दिया गया। प्रवेश नही मिलने पर छात्रा ने काफी देर तक कॉलेज प्रशासन के सामने खूब मिन्नतें करते हुए गुहार भी लगाई। लेकिन कॉलेज प्रशासन ने नियमो का हवाला देते हुए छात्रा को प्रवेश देने से रोक दिया गया। गौरतलब है कि महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा सुनीता महावर सुबह परीक्षा देने पहुंची लेकिन रास्ते मे तबियत खराब होने से वह परीक्षा केंद्र पर समय पर न पहुंच पाने के कारण परीक्षा में नहीं बैठ पाई क्योंकि छात्रा अपने निर्धारित समय से कुल 10 मिनट लेट थी तब तक परीक्षा केन्द्र का मेंन गेट बंद कर दिया गया और छात्रा के द्वारा काफी मिन्नतें करने के बाद भी छात्रा के गेट नहीं खोला गया जिससे छात्रा का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

**कॉलेज प्रशासन ने नियमों का हवाला देकर नही दिया परीक्षा में प्रवेश**

**परीक्षा में प्रवेश न मिल पाने के कारण छात्रा का रो रो कर हुआ बुरा हाल**

## सीकर और चूरू में महंगाई राहत कैम्पों का निरीक्षण- महंगाई के इस दौर में सरकार आपके साथ :मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि महंगाई के इस दौर में राज्य सरकार आमजन के साथ खड़ी है। राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को महंगाई से अधिकतम राहत दी जा रही है। महंगाई राहत कैम्पों के माध्यम से जनता को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इन कैम्पों द्वारा घर-घर तक राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कैम्पों से मिल रही राहत से गरीब परिवारों में पैसों की बचत होगी, जिससे उनके बच्चों का भविष्य संवरेगा। गहलोत शुक्रवार को सीकर एवं चूरू जिलों में महंगाई राहत कैंपों के अवलोकन पश्चात वहां मौजूद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है।

# शिविर: मंहगाई राहत कैंप मुख्यालय ग्राम पंचायत-जामडोली पर हुआ आयोजित

**रैणी प्रधान प्रतिनिधी व स्थानीय विधायक ने किया आमजन को सम्बोधित**

### ग्रामीणों ने पीएचसी जामडोली प्रभारी की शिकायत की

सितारा न्यूज नेटवर्क







**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र मे शुक्रवार को ग्राम पंचायत-जामडोली मुख्यालय पर महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवो के संग कार्यक्रम शिविर शुरू किया गया जिसका समापन शनिवार को होगा। महंगाई राहत कैंप मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने आमजन को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित 10 जन कल्याणकारी योजनाओ का रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की जिससे इस महंगाई के दौर मे आमजन को कुछ राहत मिल सके जो कि गहलोत सरकार का मुख्य उद्देश्य है तथा इसी तरह से कैंप मे स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना ने तथा मीना के साथ आए राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा के कांग्रेस प्रभारी अंकित गोयल ने भी आमजन को सम्बोधित करते हुए बताया कि उज्जवला योजनान्तर्गत दिए गए गैस कनेक्शन तथा बीपीएल कार्ड धारक परिवार को इस कैम्प मे रजिस्ट्रेशन के बाद गैस सिलेंडर मात्र 500 रुपए मे पड़ेगा और चिरन्जीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत भी लाभ बढा दिया जिसमे 10 लाख के ईलाज की जगह पर 25 लाख तक ईलाज कराया जा सकता है और बीमा क्लेम राशि भी दुगुनी कर दी गई है और कृषि कनेक्शन मे 2 हजार रुपए तक के बिल फ्री हो जाएगे रजिस्ट्रेशन के बाद तथा घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट तक का बिजली बिल फ्री व दो दुधारू गाय का बीमा एवं मनरेगा कार्य मे दिनो की बढोतरी व पेन्शन सहित 10 योजनाओ का लाभ रजिस्ट्रेशन के बाद ही मिल पायेगा इसलिए सभी से रजिस्ट्रेशन की अपील की है तथा रैणी बीडीओ कालूराम मीना व रैणी एसडीएम नवज्योति कंवरिया ने भी आमजन को इन सभी योजनाओ का लाभ लेने हेतू रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि रैणी उपखण्ड क्षेत्र मे गढ़ीसवाईराम सरकारी अस्पताल और पिनान अस्पताल तथा माचाड़ी अस्पताल मे व रैणी तहसीलदार कार्यालय पर और पंचायत समिति मुख्यालय पर व उपखण्ड मुख्यालय पर स्थाई कैम्प रोज प्रतिदिन लगाये जा रहे है इसलिए आप कभी भी किसी भी दिन वहा पर जाकर भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। कैम्प के दौरान जयपाल मीना सहित कई ग्रामीण लोगो ने जामडोली पीएचसी प्रभारी डाक्टर की शिकायत की है कि डाक्टर 20 दिन मे एक दिन ही ड्युटी पर आता है और सीबीसी मशीन होते हुए भी मरीजो की सीबीसी जांच अस्पताल मे नही होती है एवं अस्पताल के फ्रीज को ले जाने का आरोप भी प्रभारी डाक्टर के ही लगाया है और डाक्टर के द्वारा लोगो को डराने धमकाने का भी आरोप लगाते हुए लिखित मे स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना को भी प्रार्थना पत्र भी दिया गया है इधर रैणी प्रधान प्रतिनिधी ने रैणी एसडीएम व बीडीओ की उपस्थिति मे बीसीएमओ से आगामी 10 दिन मे सीबीसी मशीन चालू कराने के निर्देश दिए है जिस पर रैणी बीसीएमओ दिनेश कुमार मीना ने हा बोल कर बताया कि 10 दिन के अन्दर मशीन चालू हो जायेगी तथा डाक्टर सम्बन्धित शिकायतो पर जांच कर जांच रिपोर्ट रैणी उपखण्ड अधिकारी को सौपने के आदेश भी दिए गए है रैणी बीसीएमओ दिनेश कुमार मीना को। इस कैम्प मे अन्य दूसरे कैम्पो की बजाय आमजन मे ज्यादा उत्साह दिखाई दिया। सभी विभागो के सम्बन्धित जिम्मेदार ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपनी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे और रैणी एसएचओ ओमप्रकाश मीना ने भी शान्ति व्यवस्था को ध्यान मे अपने जवान तैनात रखे। कैम्प के दौरान छाया पानी व जल पान की भी अच्छी व्यवस्था दिखाई दी।

### प्रशासन ने गरीब को सरकारी सहायता के लिए किया मना

## प्रेस सोसाइटी ने मानवता दिखाते हुए राशन किट कराया उपलब्ध

सितारा न्यूज नेटवर्क

**भीलवाड़ा/ शाहपुरा।** शाहपुरा जिला मुख्यालय पर अधिकारियों ने एक गरीब व्यक्ति को सहायता करने से मना कर दिया तो प्रार्थी ने आत्महत्या की चेतावनी दे डाली। जिस पर प्रेस सोसाइटी शाहपुरा के





सदस्यों ने गरीब बेसहारा व्यक्ति को राशन किट उपलब्ध कराया। जानकारी के अनुसार अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में महावीर पारीक नामक व्यक्ति की केबिन को असामाजिक तत्वों ने जला दिया पुलिस में रिपोर्ट भी दी गई और प्रशासन को भी बताया गया आज शुक्रवार को बच्छखेड़ा प्रशासन गांव के संग अभियान एवं महंगाई राहत कैंप मैं महावीर प्रसाद पारीक पिता लाभचंद पारीक निवासी शाहपुरा ने अपने परिवार को साथ ले जाकर उपखंड अधिकारी पुनीत गेलडा को बताया कि उसके पास रहने के लिए जगह नहीं है और परिवार के पास खाने के लिए भी नहीं है एवं केबिन जलने से व्यवसाय भी खत्म हो गया परिवार में 3 बच्चे में पत्नी है सरकारी सहायता की गुहार लगाई लेकिन सरकार के अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की सहायता करने से मना कर दिया पारीक ने कहा कि अब तो आत्महत्या के लिए मजबूर है शीघ्र सहायता नहीं मिली तो परिवार के साथ आत्महत्या कर लेगा। जिस पर प्रेस सोसाइटी ने मानवता दिखाते हुए महावीर प्रसाद पारीक को राशन किट उपलब्ध कराया।

## मंशा माता मंदिर बाजोली में हुई दुर्गाष्टमी पुजा



**रैणी (अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के बाजोली गांव में मंशा माता मंदिर पर शुक्रवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर लोगों ने पूजा अर्चना की। मंशा माता की पुजा वैसाख के महिने में अमावस्या के बाद आने वाली दुर्गा अष्टमी पर पुजा की जाती है। हर वर्ष इस दिन ही एक बार पुजा की जाती है। यहाँ पर दूर दूर से गावों के लोग खीर- पुआ का पकवान बनाकर लाते हैं जिसका मातारानी के प्रसाद चढाया जाता है और इस दौरान यहाँ पर मेले का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें सभी प्रकार की वस्तुऐ खरीदी जा सकती हैं इस मेले के अवसर पर भक्तों के द्वारा जगह जगह पर ठंडा पानी की प्याउ लगाई गई है और जगह जगह पर ठंडा पेप्सी (ड्यू) और मीठा शर्बत पिलाया गया है। बहुत सी महिला श्रंगार की दुकाने भी लगाई गई। मंशा माता मंदिर पर पुजारी के द्वारा भोग प्रसाद चढाया गया और माता के भजन कीर्तन कार्यक्रम भी किया गया इस मौके पर गाँव के सभी लोग मौजूद रहे और भारी संख्या में लोगों की भीड़ रही।

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला दौसा के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**शिक्षको की ड्यूटी राहत शिवरो से हटाने की मांग रखी**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दौसा।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के एक प्रतिनिधी मण्डल ने जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दे कर शिक्षको की ड्यूटी राहत शिवरो से हटाने की मांग की है। संघ के जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि इन दिनों सरकार द्वारा महंगाई राहत शिवरो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आध्यपको की ड्युटी लगाई गई है उन्होंने बताया की इस समय स्कूलों की लोकल परीक्षा चल रही है तथा शिक्षक कॉपियां जांचने में व्यस्थ है तथा शिक्षक बोर्ड की कॉपियां जांचने, फ्डरटइङ के तहत ऑनलाइन कीडिग कार्य में व्यस्थ है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि उक्त बातो को मद्दे नजर रखते हुए शिक्षको की ड्यूटी महंगाई राहत शिवरो से हटाने की मांग की है इस मौके पर जिला संरक्षक पंडित राधे श्याम शर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र शर्मा, विभाग संगठन मंत्री ए गुलाबचंद शर्मा, जिला संगठन मंत्री राजकुमार शर्मा, जिला संरक्षक द्वारका प्रसाद शर्मा, राम राय गुप्ता, अशोक विजय, महेश खंडेलवाल एवम अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गढ़ीसवाईराम के विशाल भंडारे में उमड़े संत और श्रद्धालु

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के गढ़ी सवाई राम कस्बे के प्राचीन बावड़ी वाले हनुमान मंदिर के महंत रामदास महाराज के लोक गमन पर उनकी सत्रहवी के दिन भंडारे में प्रसादी लेने आसपास के दर्जनों गांव के महिलाओ व पुरूष सहित दूरदराज व वृंदावन के साधु मंडल के संत महंत व हजारों भक्तों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य कार्यकर्ता ओमप्रकाश चौधरी व जितेंद्र बंसल ने बताया कि महंत रामदास महाराज के भंडारे में सैकड़ों आमंत्रित साधु संतों को प्रसादी ग्रहण करवाकर दान दक्षिणा भेंट की गई तथा ग्राम पंचायत गढ़ी सवाई राम के ग्राम अहिरबास, मांजवाड़, तेलीवाड़ा, अंता पाड़ा, ककराली, चुंदाला, नाथाला, आमाला सहित दर्जनों गांव के श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी लेकर जन सहयोग भी किया। भंडारा कार्यक्रम बावड़ी वाले हनुमान मंदिर स्थित यज्ञशाला पर किया गया। भंडारे में साथ क्विंटल चीनी के देसी घी के लड्डू वह पंद्रह मन आटे की पूरी बनाकर प्रसादी तैयार करवाई गई। इस अवसर पर महंत मोहन दास संत मंडल राजगढ़ ,राघव दास महाराज वृंदावन,राम भरत दास,कल्याण दास,अमरचंद फौजी, गिर्राज शर्मा ए एस आई, ओम प्रकाश चौधरी, नवीन बंसल,प्रहलाद मीना, जगदीश जैन, छोटे लाल मीना, गिर्राज मीना, अमरनाथ शर्मा, मुरारीलाल जैमन,मान सिंह चौहान, राधे धाबाई,अशोक खंडेलवाल, भगवत झालानी, प्रभु दत्त मिश्रा, सरपंच किशन लाल बैरवा, धर्म चंद बैरवा, विजय सिंह चौहान, मुरारी लाल शर्मा, रामअवतार जांगिड़, अशोक जैन, राजेश नधेड़िया, राजेश राठौड़ सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने श्रीमद्भागवत सप्ताह कार्यक्रम मे की शिरकत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना।** राजगढ लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र के रैणी प्रधान प्रतिनिधि मागे लाल मीना रिटायर्ड चीफ इन्जीनियर पीडबल्यूडी, ने शुक्रवार को गांव बहाली (चीलका बास) मे भागवत कथा प्रोग्राम में शिरकत करते हुए मागे लाल मीना ने कथा में पुष्प व मिठाई वर्षा कर के भागवत कथा का आनंद लिया और कथा प्रोग्राम में सभी श्रोताओ ने मागेलाल मीना को साफा पहनाकर मान सम्मान दिया। प्रधान प्रतिनिधी मीना ने सभी लोगों को बहुत बहुत बधाई व शुभ कामनाएँ दी, भागवत कथा प्रोग्राम बहाली निवासी राजेश कुमार मीना /रामकिशोर मीना के द्वारा किया गया है इस कार्यक्रम मे व्यास गोपाल दास महाराज जी के द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप

### सोना 420 रुपए टूटा चांदी 570 रुपए फिसली




**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 420 रुपये टूटकर 59,980 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 570 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### डीसीसीडीएल ने सनक्लाउड में हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** जमीन जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी डीएलएफ की किराये संबंधी सेवाएं देने वाली शाखा डीसीसीडीएल ने 8.41 करोड़ रुपये में सनक्लाउड सोलर की 26.43 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। डीएलएफ की 67 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष 33.33 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर की जीआईसी के पास है।

### रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 81.82 प्रति डॉलर




**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 81.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने के कारण रुपया शुरूआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और गिरावट के साथ बंद हुआ।

### सीएसबी बैंक का लाभ चौथी तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सीएसबी बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही का 19 प्रतिशत बढ़कर 156 करोड़ रुपये रहा। सीएसबी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि फंसे कर्ज में कमी से बैंक का लाभ बढ़ा है। 2021-22 की मार्च तिमाही में 131 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### एक्सिस बैंक को चौथी तिमाही में 5,728 करोड़ रुपए का घाटा



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 5,728 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। सिटीइंडिया के खुदरा उपभोक्ता व्यवसाय के अधिग्रहण की वजह से बैंक को यह नुकसान उठाना पड़ा है। 2021-22 की मार्च तिमाही में एकल आधार पर 4,118 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टाटा मेटालिक्स का लाभ छह फीसदी बढ़कर 55 करोड़

**कोलकाता।** टाटा मेटालिक्स लिमिटेड (टीएमएल) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 55.56 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से टीएमएल का लाभ बढ़ा है। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 52.46 करोड़ रुपये था। कंपनी की परिचालन आय भी आलोच्य तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 926 करोड़ रुपये रही।

# कभी अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुई थी रेमंड, अब टूटने की कगार पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कंपनी की 2825 करोड़ रुपए में हुई डील, पार्क एवेन्यू जैसे ब्रांड का होगा अधिग्रहण

'द कंप्लीट मैन' से लेकर 'फील्स लाइक हैवन' तक का सफर करने वाले रेमंड अपने कारोबार के कुछ हिस्सों को बेच रही है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड रेमंड के एफएमसीजी कारोबार का अधिग्रहण करेगी। 2825 करोड़ रुपये में ये डील हुई है, जिसमें गोदरेज रेमंड के पार्क एवेन्यू और कामसूत्र जैसे बड़े ब्रांड का अधिग्रहण कर रहा है। साल 1900 में महाराष्ट्र के ठाणे में एक वुलन मिल के तौर पर इस कंपनी की नींव रखी गई, नाम था वाडिया मिल। ये मिल सेना के जवानों के लिए यूनिफॉर्म बनाती थी। कुछ सालों तक तो सब ठीक चलता रहा, लेकिन फिर बाद में मिल को बंद करने की नौबत आ गई। उसी वक्त सिंघानिया परिवार को पता चला कि मिल को बेचने की तैयारी हो रही है। साल 1925 में मुंबई के एक कारोबारी ने इस मिल को खरीदा, लेकिन साल 1940 में कैलाशपत सिंधानिया ने उससे वाडिया मिल खरीदकर इसका नाम रेमंड मिल रखा।

## गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्टस रेमंड के एफएमसीजी कारोबार का अधिग्रहण करेगी

### सस्ते कपड़े बनाने में माहिर

जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक कैलाशपत सिंघानिया ने रेमंड को खरीदने के बाद सस्ते वुलन कपड़े बनाने से शुरुआत की। सिंघानिया परिवार कानपुर का बड़ा कारोबारी घराना रहा है। कॉटन कपड़ों के कारोबार में वो पहले से मौजूद थे। रेमंड के साथ उन्होंने अब वुलन ब्रांड में भी एंट्री कर ली। कैलाशपत सिंघानिया ने रेमंड को बड़ा करने पर अपना पूरा फोकस बढ़ा दिया। साल 1958 में मुंबई में रेमंड्स ने अपना पहला शोरूम खोला।




### बाप-बेटे की लड़ाई की खूब हुई चर्चा

विजयपत सिंघानिया और उनके बेटे गौतम सिंघानिया के बीच विवाद ने बदसूरत रंग ले लिया। साल 2015 में विजयपत सिंघानिया ने अपनी संपत्ति बेटे गौतम को सौंप दी। इसके बाद बेटे ने उन्हें कारोबार से, घर से बेदखल कर दिया। कभी वह 12 हजार करोड़ की कंपनी रेमंड के मालिक पाई-पाई को मोहताज हो गए। बेटे गौतम ने उन्हें अपने नाम के आगे चेयरमैन-एमेरिटस रेमंड लिखने से रोक दिया। विवाद यहीं नहीं थमा। बेटे ने पिता को मालाबार हिल स्थित 37 मंजिला घर जेके हाउस से भी बाहर कर दिया।

### सूट-शर्ट के साथ फैशन ब्रांड का बजा डंका

साल 1970 तक रेमेंड सूटिंग फैब्रिक में छा गया। रेमेंड के सूट, पैंट सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। हालांकि ये दौर था रेमंड के कपड़े अमीरों की आलमारी में ही मौजूद होते थे।

## केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने चालू वित्त वर्ष के लिए बढ़ाया लक्ष्य

# अगर आप ज्यादा खर्च करते हैं तो टैक्स डिपार्टमेंट की नजर में आ सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप विदेश घूमते समय ज्यादा खर्च करते हैं, हर साल बिजली का भारी बिल चुकाते हैं, डिजाइनर कपड़े खरीदने के शौकन हैं और फर्टिलिटी क्लिनिक में आईवीएफ जैसी सेवाओं पर खर्च करते हैं तो कर विभाग आप पर नजर रख रहा होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) चालू वित्त वर्ष में कर देने वालों की संख्या 10 फीसदी बढ़ाकर करीब 8.6 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कर विभाग ज्यादा खर्च करने वालों पर सख्ती दिखा सकता है।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत केंद्रीय कार्य योजना के तहत कर बढ़ाने के कई उपाय सुझाए गए हैं। इनमें उच्च मूल्य के लेनदेन की जानकारी देने वाली संस्थाओं द्वारा लेनदेन के ब्योरे की जांच, विभिन्न एजेंसियों, तीसरे पक्ष से प्राप्त जानकारी का सही से अध्ययन करना और कुछ इकाइयों के टीडीएस/टीसीएस विवरण की उचित जांच करना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का मसौदा मंजूरी के लिए इस हफ्ते सीबीडीटी को सौंपा जाएगा और योजना इसी महीने लागू हो जाने की उम्मीद है।

आयकर विभाग

### महंगे ब्रांड खरीदी की जानकारी ली जाएगी

कार्ययोजना में कहा गया है, 'देखा गया है कि खपत पर होने वाले भारी खर्च की कानून के मुताबिक जानकारी नहीं दी जा रही है। खास तौर पर होटलों, बैंक्वेट, लक्जरी ब्रांड के रिटेलरों, आईवीएफ क्लिनिकों, अस्पतालों, डिजाइनर परिधान के स्टोर, एनआरआई कोटा वाले मेडिकल कॉलेज की सीट आदि के मामले में जानकारी नहीं दी जा रही।'



### टीडीएस रिटर्न की भी जांच होगी

इसी तरह किसी भी वित्त वर्ष में विदेश यात्रा पर 2 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करने वाले व्यक्तियों/अविभाजित हिंदू परिवार को आयकर रिटर्न भरना पड़ेगा। देश से 10 दिन या अधिक समय तक बाहर रहने वाले लोगों की जानकारी आव्रजन ब्यूरो से ली जा सकती है। इसके साथ ही वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी इकाइयों के टीडीएस रिटर्न की भी जांच की जानी चाहिए।

### बिजली बिल की जानकारी डिस्कॉम से जुटाई जाएगी

योजना के अनुसार आयकर अधिनियम की धारा 139ए के तहत निर्दिष्ट लेनदेन के लिए स्थायी खाता संख्या (पैन) लेने की जरूरत होती है, लेकिन ऐसा किया गया है या नहीं इसे सत्यापित करने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए उन स्रोतों की पहचान करना आवश्यक है, जो नियम के संभावित उल्लंघन में शामिल हो सकते हैं और कार्ययोजना में इसके लिए बिना हस्तक्षेप के सत्यापन तंत्र का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा आयकर विभाग को ऐसे व्यक्ति/अविभाजित हिंदू परिवार पर भी नजर रखने को कहा गया है, जिनका सालाना बिजली बिल 1 लाख रुपए से अधिक हो। संभावित करदाताओं का पता लगाने के लिए इस तरह की जानकारी डिस्कॉम से जुटाई जा सकती है।

### सीएफटी की जानकारी देना अनिवार्य होगा

सीबीडीटी की केंद्रीय कार्य योजना में सत्यापन तंत्र का सुझाव दिया है ताकि सुनिश्चित हो सके कि विशेष वित्तीय लेनदेन (सीएफटी) या रिपोर्ट करने योग्य खातों का विवरण दर्ज करने वाली रिपोर्टिंग इकाइयां कर प्रावधानों का अनुपालन कर रही हैं। कुछ खास इकाइयों को उन मामलों में अनिवार्य रूप से सीएफटी की जानकारी देनी होती है, जहां लेनदेन कर कानून की निर्धारित सीमा से अधिक होती है। इन इकाइयों में डाकघर, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज, बैंक आदि शामिल हैं।

# जुकरबर्ग की संपत्ति एक दिन में 82 हजार करोड़ बढ़ी, पीछे छोड़ा मुकेश अंबानी को

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ मार्क बने दुनिया के 14वें सबसे अमीर शख्स

■ फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा के को-फाउंडर व सीईओ

फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने 2023 की पहली तिमाही में बाजार की उम्मीदों से अच्छा नतीजा पेश किया है। इसके चलते कंपनी के को-फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में भारी उछाल आई है। इस उछाल के साथ ही अंबानी अब सूची में पीछे हो गए। फोर्ब्स की रीयल-टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, गुरुवार को मार्क जुकरबर्ग की कुल संपत्ति 10.1 अरब डॉलर (करीब 82,000 करोड़ रुपए) या 13.57 प्रतिशत बढ़कर 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसके साथ ही अब वह दुनिया के 14वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। तिमाही नतीजों के ऐलान के बाद गुरुवार को मेटा के शेयरों में 14 फीसदी की उछाल आई। इसके साथ ही कंपनी के शेयर पिछले 14 महीने के अपने सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। शेयरों में उछाल के साथ जुकरबर्ग की कुल नेट वर्थ अब बढ़कर 85 अरब डॉलर हो गई। यह पिछले साल की उस अवधि से करीब 140% अधिक है, जब फेसबुक के शेयर 7 साल के निचले स्तर पर आ गए थे।


हालांकि जुकरबर्ग की कुल संपत्ति अभी भी 2021 में छूए 136.4 अरब डॉलर के शिखर से बहुत दूर है। मेटा का रेवेन्यू 2023 की पहली तिमाही में 3 फीसदी बढ़कर 28.65 अरब डॉलर था, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 27.9 अरब डॉलर था।

### विज्ञापन की अधिक बिक्री से बढ़ी कमाई

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार को कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ट्रैफिक बढ़ाने और विज्ञापन बिक्री से अधिक कमाई करने में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) कंपनी मदद कर रहा था और इसके चलते कंपनी को एनालिस्ट्स के अनुमानों से अधिक रेवेन्यू दर्ज करने में मदद मिली।

# लगातार पांचवें दिन बाजार में तेजी, सेंसेक्स 61,000 के पार पहुंचा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ रिलायंस और आईटी शेयरों में रही खरीदारी

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 463 अंक उछलकर 61,000 के पार पहुंच गया। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईटीसी के शेयरों में जोरदार लिवाली होने से बाजार में तेजी बरकरार रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 463.06 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 61,112.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक समय 560.08 अंक तक की छलांग भी लगाई। निफ्टी भी 149.95 अंक यानी 0.84 प्रतिशत चढ़कर 18,065 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी बाजार में रही तेजी का असर घरेलू बाजारों पर भी देखने को मिला और आईटी शेयरों को लेकर धारणा में सुधार दर्ज किया गया। हालांकि अमेरिका में ब्याज दर में एक और बढ़ोतरी की आशंका आने वाले दिनों में उतार-चढ़ाव को जन्म दे सकती है।'

### इनमें रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से विप्रो ने सर्वाधिक 2.89 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में 2.39 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

## एसबीआई ने बांड के जरिए 75 करोड़ डॉलर जुटाए...




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा कि विदेशों में स्थित अपने कारोबार की वृद्धि और वित्तपोषण के लिए उसने बांड के जरिये 75 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने शेयर बाजारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि पांच साल की परिपक्वता अवधि वाले 75 करोड़ डॉलर के वरिष्ठ असुरक्षित निश्चित दर वाले बांड जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनकी दर 4.875 प्रतिशत है जो अर्द्धवार्षिक आधार पर देय है। बैंक ने कहा कि इन बांड को पांच मई 2023 को उसकी लंदन शाखा से जारी किया जाएगा और सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी स्थित इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जाएगा।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 584.24 अरब डॉलर


■ समाप्त सप्ताह में 2.164 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.164 अरब डॉलर घटकर 584.248 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.657 अरब डॉलर बढ़कर 586.412 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। महत्वपूर्ण वैश्विक घटनाक्रमों से उत्पन्न दवाबों के बीच रुपये की स्थिरता को बनाये रखने के लिए केंद्रीय बैंक के विदेशीमुद्रा भंडार के इस्तेमाल से इसमें कमी आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 21 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में, मुद्राभंडार का अहम हिस्सा, विदेशीमुद्रा आस्तियां 2.146 अरब डॉलर घटकर 514.489 अरब डॉलर रह गयी। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

# पेटेंट कार्यालय को नया कलेवर देगी सरकार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएम-ईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नवोन्मेष को आधिकारिक मान्यता देने से संबंधित पेटेंट आवेदनों में विलंब कम करने के लिए पेटेंट कार्यालय को नया कलेवर देने में जुटी है।

इसके लिए पेटेंट कार्यालयों में नए लोगों की भर्ती और कानूनी ढांचे में बदलाव जैसे तरीकों का सहारा लिया जा रहा है। सरकार ने कर्मचारियों की भर्ती एवं पदोन्नति की प्रक्रिया को भी तेज करने का फैसला किया है। सान्याल ने यहां बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से बौद्धिक संपदा पर आयोजित एक संगोष्ठी में यह जानकारी दी। सान्याल ने कहा कि सरकार पेटेंट देने या निरस्त करने के लिए एक समयसीमा तय करने के बारे में भी विचार कर रही है और इसके लिए कानूनी बदलाव करने पर भी गौर किया जा रहा है। उन्होंने पेटेंट कार्यालय में अधिक कर्मचारियों की मौजूदगी की वकालत करते हुए कहा कि सरकार के अन्य विभागों से इतर पेटेंट कार्यालय के पास खर्च से अधिक राजस्व होता है लिहाजा इसके पास अधिक कर्मचारी होना समझदारी की बात है।

### पेटेंटे के लिए 1.7 लाख आवेदन लंबित

अर्थशास्त्री डॉ सान्याल ने कहा, 'हम पेटेंट देने के पहले ही उस पर आपत्तियों को लेने की तैयारी में हैं। अगर अंतिम स्वीकृति देने के पहले किसी तरह की आपत्ति आती है तो हम उस पर गौर करना चाहेंगे।' उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर पेटेंट संबंधी कानूनी बदलावों पर नजर रखे हुए हैं। फिलहाल पेटेंट के करीब 1.7 लाख आवेदन लंबित पड़े हुए हैं।

# चीन में विदेशी कंपनियों पर बढ़ रहा दबाव

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

■ सरकार कंपनियों पर नियंत्रण सख्त कर रही

चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी जहां निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास कर रही है वहीं राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार कंपनियों पर नियंत्रण और सख्त कर रही है। भ्रष्टाचार-रोधी अन्वेषण, सुरक्षा और अन्य जांच के चलते चीन में विदेशी कंपनियों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इस सप्ताह, कंपनी 'बैन एंड कंपनी' ने कहा कि पुलिस ने उसके शंघाई कार्यालय में कर्मचारियों से पूछताछ की है। पिछले महीने, एक अन्य कंपनी मिंट्ज समूह ने कहा था कि पुलिस ने उसके बीजिंग स्थित कार्यालय पर छापे मारे और उसके पांच कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। पिछले ही महीने, जापान की दवा बनाने वाली कंपनी के एक कर्मचारी को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# नायका ने निवेशकों को दिया तगड़ा झटका, अर्श से फर्श पर पहुंचा शेयर

■ नवंबर 2021 में 1125 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ था कंपनी का शेयर

■ 2000 रुपए के स्तर तक पहुंच कर अब 122 रु. पर कर रहा ट्रेड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्यूटी और फैशन ई-कॉमर्स मार्केट प्लेस नायका की पैरेंट कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स के शेयरों ने निवेशकों को तगड़ा झटका दिया है। शेयर में गिरावट का सिलसिला काफी समय से जारी है, अब निवेशकों को समझ में नहीं आ रहा है कि ये गिरावट कहां जाकर थमेगी।

इस बीच घरेलू ब्रोकरेज एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने शेयर के टारगेट प्राइस में कटौती कर की है। दरअसल, गुरुवार को भी नायका के शेयरों में गिरावट का दौर जारी रहा। शेयर 0.90 फीसदी गिरकर 116 रुपए पर बंद हुआ। इस शेयर का 52 वीक लो 114.25 रुपए है, जो इसने 26 अप्रैल को टच किया था।पिछले एक महीने में नायका के शेयर करीब 9 फीसदी तक फिसला है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 5 फीसदी की रैली देखी गई है। वहीं 6 महीने में नायका के शेयर करीब 29 फीसदी टूटा है, एक साल का आंकड़ा देखें तो यह शेयर करीब 59 फीसदी तक लुढ़का है।

### ब्रोकरेज ने घटाया टारगेट

नायका के शेयरों में लगातार गिरावट से ब्रोकरेज का भी धैर्य टूटने लगा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने नायका के लिए टारगेट प्राइस 110 रुपए तय किया है। मौजूदा समय में शुक्रवार को शेयर की कीमत मामूली बढ़कर 122 रुपये पर पहुंची है। वहीं फिलहाल कंपनी का मार्केट कैप 33,202.48 करोड़ रुपए है।




### देश की सबसे अमीर महिला रह चुकी है संस्थापक

पिछले एक साल में इस शेयर ने उच्चतम 289.60 रुपए के स्तर को छुआ। बता दें, जब इस कंपनी का आईपीओ आया था, तब निवेशकों को तगड़ा मुनाफा हुआ था। लेकिन उसके बाद से गिरावट का दौर जारी है। आईपीओ के बाद कंपनी की फाउंडर व सीईओ फाल्गुनी नायर देश की सबसे अमीर महिला बन गई थी।

### कब हुई थी लिस्टिंग


नायका की नवंबर 2021 में शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई थी। नायका का इश्यू प्राइस 1125 रुपए था। इसकी लिस्टिंग शानदार रही थी, नायका की लिस्टिंग 1125 रुपए के मुकाबले 2000 रुपए के पार हुई थी। यानी लिस्टिंग के दौरान ही निवेशकों का पैसा डबल हो गया।

### 80 से अधिक फिजिकल स्टोर

नायका ने पहला फिजिकल स्टोर साल 2014 में शुरू किया था। एफएसएन ई-कॉमर्स के पास देशभर के 40 शहरों में 80 से अधिक फिजिकल स्टोर हैं। नायिका का ब्यूटी और पर्सनल केयर के लिए नायका एक प्राइमरी ऐप है। इसके ऐप्स पर रिटेल स्टोर्स से 4,000 से ज्यादा ब्यूटी, पर्सनल केयर और फैशन ब्रांड्स जुड़े हुए हैं।

## बिजनेस साइट

# हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट्स रेडी टू पजेशन में



**रायपुर।** रायपुर में सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का हर्षित लैंडमार्क प्रोजेक्ट निवेशकों के लिए प्राइम लोकेशन पर लग्जीरियस लाइफ स्टेटस का सिंबाल बन गया है।

एम्स हास्पिटल के पास हीरापुर चौक स्थित हर्षित लैंडमार्क में प्रीमियम फ्लैट्स के साथ कार्मिसियल शॉप उपलब्ध हैं। हर्षित लैंडमार्क में 1, 2, 3 बीएचके फ्लैट्स की लंबी श्रृंखला ग्राहकों की बजट और पसंद के अनुसार उपलब्ध हैं। यहां 750 से ज्यादा फ्लैट्स लोगों ने खरीदे हैं, जिसमें करीब 300 से ज्यादा परिवार निवासरत है। यदि बुकिंग करना चाहते है तो सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के हेड ऑफिस श्याम प्लाजा महोबा बाजार रायपुर में संपर्क कर सकते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ईपीएल : टोटेनहैम ने यूनाइटेड को 2-2 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▸▸ लंदन

टोटेनहैम ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलने और दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से ड्रॉ पर रोका। चार दिन पहले न्यूकासल के हाथों 6-1 से करारी हार झेलने के बाद यूनाइटेड के खिलाफ भी टोटेनहैम पहले हाफ में दो गोल से पीछे चल रहा था। दूसरे हाफ में उसने हालांकि अच्छी वापसी की। पेड्रो पोरो ने 56वें मिनट में टोटेनहैम के लिए पहला गोल किया जबकि सोन ह्युंग-मिन ने 79 वें मिनट में बराबरी का गोल दागा।



### चौथे स्थान पर खिसका यूनाइटेड

*यूनाइटेड के लिए इससे पहले जादोन सांचो और मार्कस रैशफोर्ड गोल किए थे। यूनाइटेड इस मैच में अंक बांटने के कारण चौथे स्थान पर खिसक गया है क्योंकि न्यूकासल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एवर्टन को 4-1 से पराजित करके तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। न्यूकासल के 32 मैचों में 62 अंक हो गए हैं जबकि यूनाइटेड के 31 मैचों में 60 अंक हैं। टोटेनहैम 33 मैचों में 54 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।*

## सेतु एफसी ने चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से रौंदा

**अहमदाबाद।** काजोल डिसूजा के चार गोल की मदद से सेतु एफसी ने इंडियन वूमेंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले चरण के अंतिम मैच में शुक्रवार को यहां चर्चिल ब्रदर्स को 6-0 से करारी शिकस्त दी। भारत की युवा टीम की सदस्य कोमल ने अपने चारों गोल पहले हाफ में किए। उनके अलावा विजेता टीम की तरफ से सुनीता मुंडा और कीनिया की फॉरवर्ड इवी फेथ एटिनो ने एक एक गोल किया। इस जीत से सेतु एफसी ग्रुप सी में ओडिशा एससी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहा। ओडिशा ने गुरुवार को सीआरपीएफ की टीम को 6-0 से पराजित किया था।

## अंडर-17 भारतीय टीम ने एटलेटिको को हराया



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम ने अपने स्पेन दौरे में मैड्रिड में खेले गए एक अभ्यास मैच में एटलेटिको मैड्रिलानो अंडर-16 टीम को 2-1 से हराया। भारत की अंडर 17 फुटबॉल टीम थाईलैंड में जून में होने वाले एएफसी अंडर 17 एशियाई कप की तैयारियों के लिए इस समय स्पेन में है और वहां अभ्यास मैचों के जरिए अपनी तैयारी कर रही है। गुरुवार को खेले गए इस मैच में थंगलसौन गंगटे और लालपेख्लुआ ने भारत के लिए दूसरे हाफ की शुरुआत में गोल किए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 5 | 3 | 10 |
| बेंगलोर | 8 | 4 | 4 | 8 |
| पंजाब | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| दिल्ली | 7 | 2 | 5 | 4 |




ऑरेंज कैप
डु प्लेसिस
422 रन

पर्पल कैप
राशिद खान
14 विकेट

### खबर संक्षेप

**नेपाल ने भारत पर बनाई 2-1 की बढ़त**

**काठमांडू।** विनीता पुन और मनकेशी चौधरी के बीच पहले विकेट की 186 रन की साझेदारी की मदद से नेपाल ने दृष्टिबाधित महिला टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला के तीसरे मैच में भारत को नौ विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही नेपाल ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत ने सुषमा पटेल (नाबाद 63) और सिमू दास (नाबाद 46) की दमदार पारियों से 20 ओवर में पांच विकेट पर 213 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विनीता की नाबाद 126 और मनकेशी की 65 रन की पारी से नेपाल ने मैच की आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।



**आंद्रिवा की एक और जीत, मर्रे हारे**

**मैड्रिड।** रूस की 15 वर्षीय मीरा आंद्रिवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और जीत दर्ज की जबकि पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मर्रे को हार का सामना करना पड़ा। आंद्रिवा ने 14 वीं रैंकिंग की बीट्रीज हद्दाद माइया को 7-6 (6), 6-3 से पराजित करके तीसरे दौर में प्रवेश किया। आंद्रिवा का सामना अब 19वीं रैंकिंग की मैग्डा लिनेट से होगा, जिन्होंने मार्केटा वोंड्रोसुवा को 7-6 (1), 4-6, 6-4 से हराया। इस बीच पुरुष एकल में मैड्रिड ओपन में दो बार के चैंपियन मर्रे को क्वालीफायर आंद्रिया वावासोरी से सीधे सेटों में 6-2, 7-6 (7) से हार गए।



**लगातार तीसरी बार फाइनल में बार्सिलोना**

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने कैंप नोउ में 72000 घरेलू दर्शकों के सामने चेल्सी को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर लगातार तीसरी बार महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। बार्सिलोना ने शनिवार को लंदन में पहले चरण के सेमीफाइनल में 1-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से वह 2-1 के कुल योग से जीत हासिल करने में सफल रहा। बार्सिलोना पिछले साल फाइनल में लियोन से हार गया था लेकिन इससे पहले साल उसने चेल्सी को हराकर पहली बार महाद्वीपीय खिताब जीता था।



## आईपीएल : दूसरी बार 250+ रन बने, मैच में आईं 67 बाउंड्री

# लखनऊ ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर पंजाब को 56 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ मोहाली

लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद पंजाब किंग्स को शुक्रवार को आईपीएल के मैच में 56 रन से हरा दिया। काइल मायर्स ने पावरप्ले में बल्ले से आग उगलते हुए 24 गेंद में 54 रन बनाए जबकि मार्कस स्टोइनिस ने 40 गेंद में 72 रन की पारी खेली जिसके दम पर लखनऊ ने पांच विकेट पर 257 रन बनाए। आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 43 और निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 45 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 19.5 ओवर में 201 रन पर आउट हो गई।

किंग्स की ओर से अथर्व तायडे ने 36 गेंद में 66 रन बनाए जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद में 36 रन) और सिकंदर रजा (14 गेंद में 23 रन) हालांकि टिककर नहीं खेल सके। कप्तान शिखर धवन तीन मैचों के बाद लौटे लेकिन दो गेंद ही खेल पाए। युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने चार ओवर में 37 रन देकर चार विकेट लिए। लखनऊ की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में चौथी हार रही।



**आरसीबी के नाम रिकार्ड**

यह आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के नाम है जिसने 2013 में क्रिस गेल के 175 रन की मदद से 263 रन बनाए थे। यह मौजूदा सीजन का सबसे बड़ा स्कोर है। आईपीएल में दूसरी बार 250+ रन बने हैं। इस मुकाबले में 67 बाउंड्री आईं।

### तायडे की 26 बॉल पर फिफ्टी

*अथर्व तायडे ने लीग में अपना पहला अर्धशतक जमाया। उन्होंने 26 बॉल में हाफ सेंचुरी पूरी की। तायडे 36 बॉल में 183.33 के स्ट्राइक रेट से 66 रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और 2 छक्के आए। धवन का विकेट गंवाने के बाद अथर्व तायड़े और सिकंदर रजा ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में योगदान दिया। दोनों ने 47 बॉल पर 78 रन जोड़े।*

**स्कोर बोर्ड**

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का शाहरुख बो रबाडा | 12 | 09 | 1 | 1 |
| मायर्स का धवन बो रबाडा | 54 | 24 | 7 | 4 |
| बडोनी का चाहर बो लिविंगस्टोन | 43 | 24 | 3 | 3 |
| स्टोइनिस का शर्मा बो कुरेन | 72 | 40 | 6 | 5 |
| पूरन पगबाधा बो अर्शदीप | 45 | 19 | 7 | 1 |
| दीपक हुड्डा नाबाद | 11 | 06 | 2 | 0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 20 ओवर में 257/5
गेंदबाजी : बरार 3-0-42-0, अर्शदीप 4-0-54-1, रबाडा 4-0-52-2, रजा 1-0-17-0, चाहर 4-0-29-0, कुरेन 3-0-38-1, लिविंगस्टोन 1-0-19-1.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का सैम्स बो हक | 09 | 13 | 2 | 0 |
| धवन का पंड्या बो स्टोइनिस | 01 | 02 | 0 | 0 |
| तायडे का और बो बिश्नोई | 66 | 36 | 8 | 2 |
| रजा का पंड्या बो ठाकुर | 36 | 22 | 4 | 1 |
| लिविंगस्टोन पगबाधा बो बिश्नोई | 23 | 14 | 2 | 1 |
| कुरेन का बडोनी बो हक | 21 | 11 | 2 | 1 |
| जितेश का राहुल बो ठाकुर | 24 | 10 | 0 | 3 |
| शाहरुख का बिश्नोई बो ठाकुर | 06 | 09 | 0 | 0 |
| चाहर का हुड्डा बो ठाकुर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कैगिसो रबाडा बो हक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 19.5 ओवर में 201/10
गेंदबाजी : स्टोइनिस 1.5-0-21-1, मायर्स 1-0-4-0, बडोनी 0.1-0-0-0, हक 4-0-30-3, आवेश 2-0-28-0, मिश्रा 2-0-23-0, बिश्नोई 4-0-41-2, ठाकुर 3.5-0-37-4, पंड्या 1-0-13-0.

# सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास, 52 साल बाद पदक किया पक्का



एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में 52 साल बाद भारत का पदक पक्का करते हुए क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की अनुभवी जोड़ी को हराया।

भारतीय जोड़ी ने 21-11, 21-12 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीनी ताइपे के ली यांग और वांग चि लिन से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बढ़त बनाने के बाद कोरिया की दूसरी वरीयता प्राप्त अन सि यंग से हारकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। आठवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने पहला गेम 21-18 से जीता लेकिन अगले दो गेम 5-21, 9-21 से गंवा दिए। भारत के ही आठवीं वरीयता प्राप्त एच एस प्रणय पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए जिन्होंने जापान के केंता सुनेयामा के खिलाफ मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया। प्रणय उस समय 11-21, 9-21 से पीछे थे जब चोट के कारण उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा।

## मैक्सिको ओपन में 5वें स्थान पर अटवाल

**वालार्टा।** भारत के गोल्फर अर्जुन अटवाल ने मैक्सिको ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में सहज शुरुआत करते हुए एक अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त 65वें स्थान पर हैं। पिछले महीने अपना 50 वां जन्मदिन मनाने वाले अटवाल ने दो बर्डी बनाई और इस बीच एक बोगी भी की। अटवाल अभी पीजीए टूर के अलावा 50 वर्ष से अधिक खिलाड़ियों के लिए होने वाले पीजीए चैंपियनशिप टूर में भी खेल रहे हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने 68 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।



## केकेआर को झटका लिटन स्वदेश लौटे



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास पारिवारिक आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौट गए हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। केकेआर की टीम के एक अधिकारी ने कहा, 'उनके परिवार में कोई आपात चिकित्सा स्थिति आ गई है जिसके कारण वह शुक्रवार सुबह ढाका रवाना हो गए। वह कब तक वापसी करेंगे इसकी लेकर कोई जानकारी नहीं है।' इस 28 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज को केकेआर ने पिछले साल नीलामी में उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपए में खरीदा था।

## अय्यर के चोटिल होने के बाद रहाणे ही विकल्प थे : शास्त्री

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण बाहर होने के बाद अजिंक्य रहाणे का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना तय था। डब्लूटीसी का फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के ओवल में खेला जाएगा। शास्त्री ने 2014 से 2021 के बीच सात में से छह वर्षों के लिए भारतीय टीम को कोचिंग दी है। उन्होंने उन लोगों पर कटाक्ष किया जिन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बेहतरीन पारियां खेलने से रहाणे को भारतीय टीम के लिए चुना गया। शास्त्री ने कहा, 'ऐसे लोग शायद छुट्टी पर होंगे जब रहाणे ने घरेलू सत्र में 600 (रणजी ट्रॉफी) से अधिक रन बनाए। मुझे खुशी है कि उसने इस टीम में जगह बनाई। उसने आईपीएल में खेले गए इन दो-तीन मैचों में खूबसूरती से बल्लेबाजी की है, वह शानदार फॉर्म में दिख रहा है। उसके पास मौजूद अनुभव को नहीं भूलना चाहिए।

## श्रीलंका ने आयरलैंड को पारी से हराया, 2-0 से किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▸▸ गॉल



श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन शुक्रवार को यहां आयरलैंड की दूसरी पारी को 202 रन पर समेट कर पारी और 10 रन की जीत के साथ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। इस दौरान प्रभात जयसूर्या सात टेस्ट मैच में 50 विकेट पूरा करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

वह सबसे कम टेस्ट मैच में इस आंकड़े को छूने वाले स्पिनर बने। रमेश मेंडिस ने चौथी बार पारी में पांच विकेट चटकाए जिससे दो विकेट पर 54 रन के साथ दिन की शुरुआत करने वाली आयरलैंड की टीम 202 रन पर आउट हो गई। टेस्ट क्रिकेट में यह श्रीलंका की 100वीं जीत है जबकि 2018 में टेस्ट पदार्पण करने वाली आयरलैंड के लिए छह मैचों में यह छठी हार है। जयसूर्या ने इस श्रृंखला में 17 विकेट चटकाए। इससे पहले टेस्ट में स्पिन गेंदबाज द्वारा सबसे कम मैच में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के अल्फ वेलेंटाइन के नाम था। उन्होंने आठ मैचों में यह कारनामा किया था।

## कोलकाता के खिलाफ मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से

# गुजरात आज हैट्रिक जीत के लिए लगाएगा दम

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पिछले दोनों मैच जीतकर अपना अभियान पटरी पर लाने वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केकेआर ने लगातार चार मैच गंवाने के बाद पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को हराकर वापसी की थी।

ऐसे समय में जबकि केकेआर के कैरेबियाई धुरंधर आंद्रे रसेल और सुनील नारायण नहीं चल रहे हैं तथा नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोटिल हैं, तब उसे जेसन रॉय के रूप में नया ट्रंप कार्ड मिला है। केकेआर के अभी केवल छह अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए बाकी बचे छह मैचों में से कम से कम पांच मैचों में जीत दर्ज करनी होगी।



केकेआर के लिए हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस की टीम से पार पाना आसान नहीं होगा जिसके पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण और कुशल बल्लेबाज है। गुजरात की टीम अभी सात मैचों में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। गुजरात के पास मोहम्मद शमी के रूप में अनुभवी तेज गेंदबाज है जबकि स्वयं हार्दिक पावर प्ले में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। केकेआर के बल्लेबाजों को हालांकि अफगानिस्तान के दोनों स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह दोनों स्पिनर बीच के ओवरों में विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### दिल्ली को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांच हार के बाद पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की होगी। पिछले दोनों मैचों दिल्ली को जीत दिलाने में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। टीम का पिछला मुकाबला भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही थी। हैदराबाद में खेले गये कम स्कोर वाले इस मैच को दिल्ली ने सात रन से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया था।

# अबुधाबी चैलेंज : संयुक्त 61वें स्थान पर चौहान



एजेंसी ▸▸ अबुधाबी

भारत के ओम प्रकाश चौहान ने अबू धाबी चैलेंज गोल्फ के शुरुआती दौर के आखिरी होल में बर्डी लगाकर इवन पार 72 का स्कोर किया। पहली बार विदेशी धरती पर यूरोपियन चैलेंज टूर स्पर्धा में खेल रहे चौहान संयुक्त रूप से 61 वें स्थान पर है। उन्होंने दो बोगी और दो बर्डी लगाए। शुरुआती दिन के खेल के बाद इंग्लैंड के टॉम लुईस आठ अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। यूरोपियन चैलेंज टूर पिछले महीने 'डंकन टेलर ब्लैक बुल चैलेंज' के विजेता चौहान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अबुधाबी में लगातार दो स्पर्धाओं में खेलेंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सीएलसी में विधिक चेतना शिविर का आयोजन

## सीएलसी द्वारा प्रशासन की सहायता के लिए पुलिस मित्र वाहन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीएलसी परिसर स्थित विजय ग्राउण्ड में जिला प्रशासन सीकर द्वारा विधिक चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस अवसर पर बाल विवाह से होने वाले नुकसान, इसकी रोकथाम तथा बाल विवाह को लेकर सरकार द्वारा बनाएं गए कानून एवं अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ. राजेन्द्र चौधरी ने बाल विवाह को लेकर बच्चों के अधिकारों के बारे में विस्तार से चर्चा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री धर्मराज मीणा ने छात्रों तथा अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बाल विवाह के दूरगामी दुष्परिणामों तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीकर श्री रामचन्द्र मूण्ड ने बाल विवाह को लेकर बनाये गये कानून तथा बालक बालिकाओं को प्राप्त अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर आप बिना किसी दबाव के पुलिस प्रशासन से सम्पर्क कर सकते है और कहा की पुलिस विभाग आपकी हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग सीकर के निदेशक श्री ओमप्रकाश राहड़ ने प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से छात्रों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा जीवन में अनुशासन से मेहतन करते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। महिला अधिकारिता विभाग सीकर की सहायक निदेशक सुश्री अनुराधा सक्सैना ने बालिकाओं को प्राप्त अधिकारों के बारे में समझाते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की। पैनल अधिवक्ता पुरूषोत्तम शर्मा तथा जिला बार संघ सीकर के सचिव अंगद तिवारी ने बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान के बारे में बताया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सीएलसी परिसर में साईबर क्राईम मुक्त राष्ट्रनिर्माण से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया। सीएलसी निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी ने अतिथियों कि उपस्थिति में जिला पुलिस प्रशासन की सहायता के लिए पुलिस मित्र वाहन भेंट किया जिसको मेहमानो ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, मीडियाकर्मियों तथा अभिभावकों ने सीएलसी द्वारा पुलिस मित्र वाहन भेंट करने के सकारात्मक कदम की तारीफ करते हुए सीएलसी परिवार को साधुवाद दिया। सीएलसी निदेशक चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों तथा अभिभावकों का सम्मान करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सीएलसी सी.ई.ओ. साहिल चौधरी, सीएलसी सी.ओ.ओ. समर चौधरी, एच.आर. हैड वीरेन्द्र चौधरी तथा बाल आयोग के पूर्व सदस्य व वर्तमान में भारतीय रेल परामर्शदात्री समिति, भारत सरकार के सदस्य शिवपाल सिंह ख्यालिया उपस्थित रहे।







## बेटियों को घोड़ी पर बैठा कर निकाली बिंदोरी

### बेटा बेटी एक समान होने का दिया संदेश



**रींगस।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 31 के शिवनगर ए में रतन लाल कुमावत द्वारा अपनी दो बेटियों मोनिका व सीमा को घोड़ी पर बैठा कर बिंदोरी निकाली और बेटा-बेटी एक समान होने का संदेश दिया। पार्षद अमित कुमावत ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो बेटियां बेटों से अधिक नाम कमा रही है वही हर एक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर देश की उन्नति में योगदान दे रही है। बेटा सफल होने पर एक ही परिवार का नाम रोशन करता है जबकि बेटियां सफल होने पर दो परिवारों का नाम रोशन करती है। इसलिए बेटा और बेटी में भेदभाव न करने और समानता का दर्जा देने का संदेश देते हुए पिता रतन लाल व भाई मनीष कुमावत के द्वारा मोनिका व सीमा को दूल्हे की पोशाक में सजाकर बिंदोरी निकाली गई जिसकी आमजन ने सराहना की। इस दौरान ओमप्रकाश, बजरंग लाल, सुनील, मुकेश, पूरणमल, लालचंद, लोकेश, कमलेश, कौशल, मयंक आदि मौजूद थे।

# सांसद स्वामी सुमेधानंद का मंदिर कमेटी अध्यक्ष प्रताप सिंह एवं भाजपा नेता ने किया अभिनंदन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी (विनोद धायल)।** केंद्र की भाजपा की सरकार की ओर से बाबा श्याम की नगरी को नई रेलवे लाइन सौगात दिलाने पर सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती का गुरूवार को खाटू भाजपा मंडल की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष ममता मुंडोतिया ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, पालिका उपाध्यक्ष पूरनमल हरनाथका, भाजपा जिला महामंत्री प्रभुसिंह गोगावास, भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि पवन पुजारी, भाजपा प्रदेश मंत्री मधु कुमावत रहे । कार्यक्रम भाजपा खाटू मंडल अध्यक्ष केदारमल जांगिड़, महामंत्री छोटूराम शेरावत, रामगोपाल रामुका, कैलाश चंद्र शर्मा, विनोद हलवाई, ओम प्रकाश हरनाथका भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मोहन मावलिया, पूर्व उप प्रधान बसंत कुमावत, पूर्व जिला परिषद सदस्य एड.राजेश चेजारा, भाजपा किसान नेता गोविन्द सिंह लाम्बा, सीकर सरपंच संघ अध्यक्ष हनुमान झाझड़ा, मूल सिंह अलोदा भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजेन्द्र धीरजपुरा, भाजपा नेता शक्ति सिंह अलोदा, पवन पारीक, गजानन्द कुमावत, सोनाराम लामिया, लक्ष्मी नारायण कुमावत सरपंच, गिरधारी यादव, कैलाश शर्मामहावीर प्रसाद शर्मा, सुण्डाराम हरितवाल, पोखर मल बिजारणियां, सुभाष भारतीय मूलसिंह शेखावत, मनीषा बाजड़ोलिया, सुमन वर्मा बाबूलाल बाजियां मनीष योगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम चेजारा, राजेन्द्र भीण्डा, श्रवण रूलानिया लाल चन्द, सवाई सिंह डा सचिन शर्मा निरज खरतला आदि कार्यकताओं ने सांसद का बाबा श्याम की तस्वीर भेंटकर अभिनंदन किया। मंच संचालन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री बाबूलाल ने किया।





# आवासन आयुक्त की एआईएस रेजिडेंसी रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक

## योजना से संबंधित और लंबित कार्य तुरंत पूर्ण करने के निर्देश





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने शुक्रवार को एआईएस (ऑल इंडिया सर्विस) रेजिडेंसी रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवासीय योजना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने सहित सभी लंबित कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। आवासन मंडल के मुख्यालय 'आवास भवन' में हुई अहम बैठक में एआईएस रेजिडेंसी रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और आईएएस विष्णु चरण मल्लिक, कोषाध्यक्ष और आरएएस बचनेश अग्रवाल, सदस्य और आईपीएस सचिन मित्तल, सदस्य और आरएएस अरविंद सारस्वत, महावीर सिंह, सदस्य अरुण गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आवासीय योजना में सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, बीसलपुर पानी कनेक्शन, सभी ब्लॉक्स में लिफ्ट शीघ्र लगवाने, सीवरेज लाइन का कनेक्शन करवाने, पंप हाउस और स्विमिंग पूल, बिजली का काम, सोलर पैनल्स लगवाने, ई वी चार्जिंग स्टेशन बनवाने तथा योजना के सौंदर्यीकरण सहित कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### जल्द कार्य पूर्ण का लिया निर्णय

आवासन आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवासीय योजना से जुड़े तमाम कार्यों में अतिरिक्त श्रमिक लगवाकर काम करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले संवेदको पर पेनल्टी लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून में योजना में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण भी करवाया जाएगा। साथ ही योजना का कार्य पूर्ण कर आवास जल्द से जल्द अधिकारियों को सौंपे जाएंगे। बैठक में मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया सहित योजना से संबंधित संवेदक और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तेज गति से आ रहे ओवरलोडिंग डंपर ने बाइक चालक को कुचला

## बाइक सवार पूरणमल की मौके पर हुई मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**खाटूश्यामजी।** कस्बे के निकटवर्ती बाय से लिखमा का बास जाने वाले हेमा मालिनी रोड पर ओवरलोडिंग डंपर ने लिखमा का बास में बाइक चालक पूरणमल पुत्र छितरमल उम्र 36वर्ष को पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने कुचल दिया बाइक सवार को टक्कर मारी ।बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर खाटूश्यामजी थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव मय टीम मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर खाटूश्यामजी सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया। वही मृतक पूर्ण मल पुत्र छीतर मल वर्मा की मौत पर लिखमा का बास ग्राम के सरपंच सागर मल सामोता एवं मगनपुरा सरपंच सुरेश वर्मा सहित ग्रामीण व आसपास के लोग विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया और सड़क मार्ग को जाम कर मौके पर ही मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग की ।थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव समझाइश के बाद मृतक के परिजनों को डेढ़ लाख रुपए नकद व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाले पर सहमति बनी ।तब जाकर मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि मृतक रंगाई पुताई का कार्य कर अपने घर परिवार का पालन पोषण कर रहा था मृतक के पिता छीतर मल वर्मा की भी एक महीने पहले ही बीमारी के बाद मौत हो गई थी।



# रेलवे का नवाचार : अब भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन से कीजिये गोवा की सैर

## यात्रा 20 मई 2023 से 29 मई 2023 तक

**जयपुर।** भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने आगामी छुट्टियों तथा श्रद्धालुओं की अपार मांग को ध्यान में रखते हुए गोवा की सैर के साथ-साथ घृष्णेश्वर, त्रयम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं शिरडी की यात्रा चलाने का फैसला किया है। यह यात्रा 20 मई को भटिंडा से रवाना होकर वाया श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, जयपुर, सवाई माधोपुर, सोगरिया (कोटा) से सवारियां लेती हुई जाएगी ।इस यात्रा की अवधि 10 दिन की है जिसमे घृष्णेश्वर, त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ शिरडी तथा गोवा दर्शन का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक/पर्यटन योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि, इस बार यह यात्रा भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के तहत नए रेक से करवाई जा रही है, यह भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन कई प्रकार की सुविधाओं जैसे वातानुकूलित थर्ड ए /सी कोच, आधुनिक किचन-कार से सुसज्जित होगी।इस यात्रा का मूल्य ?35,150/- प्रति व्यक्ति रखा गया है जिसमे ए/ सी ट्रैन के साथ ए/ सी आवास की सुविधा मिलेगी। तथा वाशिंग-चेंज की व्यवस्था शेयरिंग बेसिस पर होगी तथा बसों की व्यवस्था नॉन- ए सी रहेगी। इस यात्रा में कन्फर्म बर्थ के साथ-साथ, होटल-आवास, गंतव्य स्टेशन पर होटल तथा मंदिर तक बस से लाने व ले जाने की व्यवस्था बस द्वारा (पार्किंग स्थल तक) आई. आर. सी. टी. सी. द्वारा की जाएगी कइस ट्रैन में यात्री इंस्युरेन्स के साथ सरकार/पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं।

### यात्रीगण यहां ले सकते है पूरी जानकारी

यात्री इस पैकेज की विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप्प नंबर 8595930998, 9001094705 से भी प्राप्त कर सकते हैं कइन पैकेज की बुकिंग सुविधा आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।इसके अलावा बुकिंग आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालयः 708, 7 वीं मंजिल क्रिस्टल मॉल, बनीपार्क, कलेक्ट्रेट सर्किल के पास जयपुर, (राजस्थान) में आकर भी करवाई जा सकती है।

# राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ के कार्मिकों का कचहरी परिसर में प्रदर्शन




गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह बारठ के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगो को लेकर संघर्षरत कार्मिकों ने कचहरी परिसर में उग्र प्रदर्शन किया। बारठ ने जानकारी देते हुए बताया की आईटी सेक्टर की राजस्थान में जो पहचान है वो इन्ही कार्मिकों के कारण है।लेकिन राज्य सरकार हमारे प्रति संवेदन हीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमारी मांग है कि हमे 3600 का ग्रेड पे दिया जाय, जिन विभागों में पद नहीं हैं वहां सूचना सहायक और सूचना अधिकारी के नए पद स्वीकृत किए जाए इसके अतिरिक्त उन्होंने कार्मिकों को साप्ताहिक अवकाश देने की भी मांग की है। मीडिया से रूबरू होते हुए जिलाध्यक्ष बारठ ने बताया की अपनी विभिन्न मांगो को लेकर गत 24 अप्रैल से अटल सेवा केंद्र के सामने धरना दिया जा रहा है लेकिन प्रशासन हमारी बात नहीं सुन रहा है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी की यदि 2 मई तक हमारी मांगे नहीं मानी गई तो 3 मई से जयपुर में महापड़ाव होगा। उन्होंने अपनी जायज मांगों के लिए अपने सभी साथियों से हर स्तर पर संघर्षरत रहने का आव्हान किया।

# 1990 बैच के पूर्व छात्रों ने उपलब्ध करवाई कॉलेज स्टूडेंट्स को पाठ्यसामग्री से जुड़ी पुस्तकें

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर के 1990 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा कॉलेज में वर्तमान में पढ़ रहे ऐसे छात्र जो किन्ही कारणों से किताबे खरीदने में असमर्थ है उनको निःशुल्क किताबे उपलब्ध करवाने की मुहिम लगातार जारी है, ये शुरूआत 32 वे बैच की बेचमीट के साथ शुरू हुई थी जो निरंतर जारी है, अब तक कुल 65 बच्चो को पुस्तके दी जा चुकी है, बच्चो की पहचान को जान बूझकर छुपाया गया है, ताकि उन्हें परेशानी महसूस न हो, प्राचार्य डॉक्टर गुंजन सोनी ने बताया की ऐसे कार्यों से अन्य सक्षम व्यक्तियों को भी प्रेरणा मिलती है। कॉलेज प्रशासन ने बताया की किताबे देकर या राशि देकर इस मुहिम ने सहयोग किया जा सकता है, इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रिंसिपल कार्यालय अथवा डॉक्टर नवल गुप्ता से 9829792313 मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



# श्रीलालेश्वर महादेव मन्दिर में 6 दिवसीय महोत्सव, कार्यक्रम का चतुर्थ दिवस

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भगवान श्रीलालेश्वर महादेव मन्दिर के प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर आज मंदिर प्रांगण में परम पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी संवित श्रीसोमगिरि जी महाराज की स्मृतियों को ताजा करने के लिए मुख्य रूप आयोजित मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एकात्म यात्रा में पूज्य श्री गुरुदेव ने जो ज्ञान की गंगा बहायी थी और कई ऐसे अवसर थे, जिसमें ऐसा लगा, मानो कि एक शेर दहाड़ रहा हो तीन सभायें तो ऐसी थी कि जिसमें कम-से-कम एक लाख लोग गुरुदवे को देखने, सुनने और महसूस करने आये थे। मन्दिर अधिष्ठाता स्वामी विमशार्नंदगिरिजी महाराज, समानंद गिरिजी महाराज, भूमानंदर सरस्वती जी, सदाशिवानंद जी महाराज के सान्निध्य में ऐसे प्रवचनों में से कुछ चयनित विडियो को साधकों को दिखाया गया एकात्म यात्रा का उद्देश्य यही है कि सब के अन्दर एक ही आत्मा है और उस आत्मा का स्पर्श हम करें और फिर अपने सभी कर्तव्यों को निभाते हुए आगे बढ़े, जीवन के चरम-परम लक्ष्य को गृहस्थ में रहकर ही प्राप्त करें, गृहस्थ में रहकर ही ईश्वर से साक्षात्कार करें। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरूआत भजन संध्या से हुयी, जिसमें ओम जी घारु, गोपाल जी तथा मक्खन जी ने भजनों की दिव्य प्रस्तुती दी। विजेन्द्र सिंह भाटी के अनुसार तत्पश्चात पूज्य गुरुदेव की पावन स्मृत्ति में महत्वपूर्ण विडियो का प्रसारण किया गया और कार्यक्रम के अंत में हाल ही में माँ नर्मदा की 3500 किलोमीटर की यात्रा कर बीकानेर पधारे पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी संवित श्रीसोमगिरि जी महाराज के शिष्य श्रीसमानन्द गिरिजी महाराज पर आधारित एक संक्षिप्त विडियो दिखाया गया कि किस प्रकार एक परिव्राजन के द्वारा हम उस सनातन संस्कृति, जिसके बीज गुप्त और सुप्त हर अवस्था में एक युवा के अन्दर छिपे हुए हैं, वो अंकुरित हो, पल्लवित, पुष्पित हों, इस भावना को लेकर आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। कल शाम को परम पूज्य गुरुदेव की पावन स्मृति में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सभी साधकों, भक्तों से अनुरोध है कि वे इस दिव्य संध्या का आनंद लें। आज के इस कार्यक्रम में आचार्य शैलेश तिवारी, हरिओम पूंज, हरिशचंन्द्र शर्मा, बजरंगलाल शर्मा, भवानीशंकर व्यास, रमेश शर्मा, अजुर्ननाथ सिद्ध, कन्हैयालाल पंवार, योगेश शर्मा, जितेन्द्र सिंह बीका आदि संवित साधकों तथा कार्यकत्ताओं का सहयोग रहा।





स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com